# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 20 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 117 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## जब भी भय और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचते हैं, लोग भाजपा पर करते है भरोसा : पीएम नरेन्द्र मोदी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं आमतौर पर चुनाव में क्या नतीजे आएंगे, यह बोलता नहीं हूं लेकिन इस बार जो भी मिलता है, वो कहता है कि इस बार भाजपा सरकार पक्की है। यह सब सुनने के बाद मैं कह रहा हूं कि इस बार भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य त्रिपुरा में दशकों तक वामपंथी दलों का शासन रहा। वहां के लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताया। असम में कांग्रेस ने वर्षों तक शासन किया, फिर भी लोगों ने भाजपा पर भरोसा किया। इसका मतलब यह है कि जब भी भय और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचते हैं, लोग भाजपा पर भरोसा करते हैं और उसे चुनते हैं। हम बंगाल में भी यही देख रहे हैं। बंगाल के लोगों ने अपना मन बना लिया है, इसलिए मैं कहता हूं कि भय को त्यागें, विश्वास को अपनाएं।

उन्होंने कहा कि टीएमसी के महाजंगलराज में आदिवासी जिले पिछड़ रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल... सब कुछ बेहाल है। आदिवासियों की जमीन पर आदिवासियों का कब्जा नहीं है। आदिवासियों की जमीन पर टीएमसी का सिंडिकेट कब्जा करके बैठ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों को डबल इंजन सरकार का डबल फायदा मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। बंगाल भाजपा ने धान का समर्थन मूल्य 3,100 रुपए करने की घोषणा की है। साथ ही बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर पीएम किसान के तहत मिलने वाले 6,000 की जगह 9,000 रुपए दिए जाएंगे। मैं आपको भरोसा देता हूं कि यहां भाजपा सरकार बनने के बाद किसान हित में केंद्र सरकार की हर योजना तेजी से लागू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जब ओडिशा में पहली बार हमारी सरकार बनी, तो हमारे पहले मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय से थे। असम में भी ऐसा ही हुआ। भाजपा को एक आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाने का अवसर मिला। भाजपा आदिवासी समुदायों के लिए बहुत काम कर रही है।

हालांकि, टीएमसी के महाजंगल राज में आदिवासी जिले पिछड़ रहे हैं। टीएमसी सिंडिकेट ने आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा कर लिया है। टीएमसी ने बंगाल के किसानों को हर कदम पर धोखा दिया है।

# अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर हंगामा, लोगों ने लगाया जाम

## लोनी में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन, दो आरोपी गिरफ्तार







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद रविवार को पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

आक्रोशित भीड़ ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसी बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी जांच के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इसके बावजूद लोग सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे और क्षेत्र में लंबे समय तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

### नई प्रतिमा लगाने से इनकार, पहले गिरफ्तारी की मांग

प्रशासन द्वारा नई प्रतिमा मंगवाए जाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने उसे स्थापित करने से इनकार कर दिया। लोगों का कहना था कि पहले दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई हो, उसके बाद ही नई प्रतिमा लगाई जाए। इस मुद्दे पर प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक वार्ता चली।

> तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।
> – सुरेंद्र नाथ तिवारी, डीसीपी ग्रामीण

### स्थिति पर नजर, इलाके में तैनात पुलिस बल

फिलहाल क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश बना हुआ है, हालांकि प्रशासन हालात को सामान्य करने में जुटा हुआ है।

### सीसीटीवी जांच के बाद दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। वहीं डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। जांच में स्वॉट टीम भी लगाई गई है।

दोपहर बाद भी जाम नहीं खुलने पर शाम करीब 4:10 बजे पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को दिल्ली-सहारनपुर मार्ग से हटाया। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। एक ओर का रास्ता खुलवाया गया, जबकि दूसरी ओर नई प्रतिमा स्थापना के बाद यातायात सामान्य कराने का प्रयास किया गया।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो : नंद किशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि माहौल खराब करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की मांग की।






### अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने की घटना निंदनीय, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : सपा जिलाध्यक्ष



**करंट क्राइम।** इंदिरा पुरी, लोनी में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना पर सपा जिलाध्यक्ष गाजियाबाद ने कड़ी निंदा जताई है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय घटना है। यह केवल एक प्रतिमा पर हमला नहीं बल्कि संविधान, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि इस कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की जाती है और प्रशासन से मांग की जाती है कि दोषियों की तुरंत पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसी घटनाएं समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के विचार हमारे लिए मार्गदर्शक हैं और उनके सम्मान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा क्षतिग्रस्त प्रतिमा के शीघ्र पुन:स्थापन की मांग की। साथ ही लोगों से एकजुटता बनाए रखने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की अपील की।

### षड्यंत्रकारियों को कामयाब नहीं होने देगी लोनी की जनता : मदन भैया



**गाजियाबाद/लोनी करंट क्राइम।** लोनी के इंदिरापुरम क्षेत्र में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना पर खतौली विधायक मदन भैया ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना को एक बड़ी साजिश बताते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व क्षेत्र में जातीय उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मदन भैया ने कहा कि भारत के संविधान निमार्ता और दलित, गरीब, पिछड़े तथा वंचित वर्गों के मसीहा बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ना अत्यंत निंदनीय कृत्य है। यह घटना किसी बड़ी साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य लोनी में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना है। उन्होंने आरोप लगाया कि षड्यंत्रकारी तत्व जानबूझकर माहौल खराब करना चाहते हैं, लेकिन भाईचारे में विश्वास रखने वाली लोनी की धैर्यवान जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने पहले भी तरह-तरह के उत्पीड़न और अत्याचारों के बावजूद हमेशा संयम और समझदारी से काम लिया है। मदन भैया ने इस संवेदनशील समय में लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में न आएं और सामाजिक एकता को बनाए रखें। साथ ही उन्होंने इस कृत्य को अति निंदनीय बताते हुए दोषियों के खिलाफ देशद्रोह जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी



**करंट क्राइम।** सूचना मिलते ही एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम, एसीपी मुरादनगर भास्कर वर्मा समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। नगर पालिका चेयरमैन रंजीता धामा, पूर्व चेयरमैन डॉ. विनोद बंसल, भीम आर्मी पदाधिकारी और लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया।

## गोलगप्पा गुडलक बना जीत का फॉमूर्ला

### बंगाल में भी दिखा अतुल गर्ग का वही अंदाज



**गाजियाबाद/पश्चिम बंगाल, करंट क्राइम।** बंगाल आए और पुचका (गोलगप्पे) नहीं खाए तो क्या खाए? कुछ ऐसा ही अंदाज देखने को मिला गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग का, जब उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान गोलगप्पे का स्वाद लिया और इसे अपने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया।

अतुल गर्ग खाने-पीने के शौकीन माने जाते हैं और खासतौर पर गोलगप्पों के प्रति उनका लगाव किसी से छिपा नहीं है। अक्सर उनके गोलगप्पे खाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि चुनाव के दौरान उनके कार्यालय पर हमेशा गोलगप्पे वाला मौजूद रहता है। उनके करीबी बताते हैं कि गोलगप्पा उनके लिए गुड लक भी साबित हुआ है, क्योंकि उन्होंने अपने तीनों चुनाव भारी मतों से जीते हैं।

बंगाल में पुचका का स्वाद लेते हुए उनका यह अंदाज अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है—जहां राजनीति के बीच यह चटपटा पल लोगों को खासा पसंद आ रहा है।

## गैस संकट के बीच उद्योगों को राहत

### 13 मई तक वैकल्पिक ईंधन की अनुमति



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्राकृतिक गैस आपूर्ति बाधित होने से उत्पन्न हालात के बीच प्रदेश सरकार ने उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बड़ी राहत दी है। अब सीमित अवधि के लिए गैस के स्थान पर वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग की अनुमति दी गई है, जिससे औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी ने मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बागपत, हापुड़, शामली और मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर इस व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

सीएक्यूएम के पूर्व आदेशों में अस्थायी शिथिलता देते हुए उद्योगों, होटल और रेस्टोरेंट को हाई स्पीड डीजल (एचएसडी), बायोमास और आरडीएफ जैसे ईंधनों के उपयोग की अनुमति दी गई है। साथ ही सीमित उपलब्धता के कारण कोयला और केरोसिन को भी अस्थायी रूप से मान्य किया गया है। यह छूट 13 मई 2026 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह राहत व्यवस्था संचालन बनाए रखने के लिए है, लेकिन पर्यावरण मानकों का पालन अनिवार्य रहेगा।

## बाबासाहेब की प्रतिमा खंडित होने पर बसपा कार्यकर्ताओं में रोष, प्रतिमा बदलने तक वहीं डटे रहे





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोनी में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने को लेकर बसपा कार्यकताओं में भारी रोष दिखाई दिया जैसे ही घटना की जानकारी हुई, हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। जानकारी मिलने पर बसपा जिला अध्यक्ष मनोज जाटव भी मौके पर पहुंच गए पूर्ण बिरहा उन्होंने तत्काल लोन प्रशासन और पुलिस से बातचीत कर खंडित प्रतिमा को बदलने की मांग रखी। मनोज जाटव ने कहा कि बाबा साहेब के प्रतिमा खंडित होने से कार्यकताओं में भारी नाराजगी थी। वह आंदोलन करने को आतुर थे उन्हें किसी तरह समझाया गया। सूझबूझ से संविधान के तहत बाबा साहब के प्रतिमा को बदलने की मांग रखी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने तत्काल उनकी मांगों को स्वीकार कर लिया और बाबा साहेब के खंडित प्रतिमा की जगह नई प्रतिमा लगाने की मांग को स्वीकार कर लिया।

मनोज जाटव ने कहा कि बसपा कार्यकताओं के साथ में वही मौके पर डटे रहे जब तक की खंडित प्रतिमा को बदला नहीं गया। पुलिस प्रशासन ने सूझबूझ का परिचय दिखाते हुए कुछ घंटे बाद खंडित प्रतिमा की जगह नई प्रतिमा लगा दी तब तक बसपा कार्यकर्ता वही मौके पर डटे रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज जाटव के साथ बहुजन समाज पार्टी जनपद गाजियाबाद मेरठ मण्डल प्रभारी देवेन्द्र प्रधान पंचलोक, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट जितेन्द्र, विधानसभा प्रभारी धर्मपाल प्रधान, विधानसभा प्रभारी अजीत जाटव, पूर्व मण्डल प्रभारी छतरसिंह, धर्मवीर जाटव, योगेन्द्र जाटव, सभासद पूर्व जिला प्रभारी अनिल कुमार पेन्टर, तेजपाल जाटव, रोहित गौतम, महक सिंह, पूर्व मण्डल प्रभारी प्रेमसिंह जाटव, विधानसभा प्रभारी साहिबाबाद गुलाब सिंह, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष राजू विकल, चतरसैन पूर्व सभासद, रामोतार, अनिल कुमार लक्खा पूर्व जिला प्रभारी राजेंद्र सेठ, प्रवीन जाटव, पूर्व प्रभारी भाईचारा कमेटी, सतेन्द्र जाटव छत्रपाल मास्टर, दर्शन प्रधान, हरेंद्र जाटव, अनिल एडवोकेट, सुरेंद्र, गुलाब सिंह, गौतम राम, अवतार जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुष्कर्मी दरिंदा मामा पुलिस एनकाउंटर में ढेर






### - आरोपी के एनकाउंटर के बाद लोगों ने ली राहत की सांस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टीलामोड़ क्षेत्र में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की जघन्य वारदात के आरोपी मोहम्मद जशीम उर्फ छोटू का रविवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में अंत कर दिया। कमिश्नरेट पुलिस ने इस कार्रवाई के जरिए साफ संदेश दिया है कि दरिंदगी और हैवानियत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल के अनुसार, मारा गया आरोपी मोहम्मद जशीम उर्फ छोटू (उम्र 25 वर्ष) पुत्र एकलाख उर्फ मल्लू, मूल निवासी ग्राम सिसौली, थाना भौराकलां, जनपद मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। वह वर्तमान में दिल्ली के गांधी पार्क, चांदनी चौक स्थित लेबर चौक इलाके में रह रहा था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। घेराबंदी के बाद मुठभेड़, पुलिस पर की फायरिंग रविवार रात पुलिस को आरोपी की सटीक लोकेशन टीलामोड़ क्षेत्र में मिली। इसके बाद आईपीएस धवल जायसवाल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और एसीपी अमित सक्सेना के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके की घेराबंदी की। इस पूरे ऑपरेशन में थाना टीलामोड़ प्रभारी रवि बालियान की भूमिका बेहद अहम और आक्रामक रही।



पुलिस के करीब पहुंचते ही आरोपी ने खुद को घिरता देख ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

गाजियाबाद पुलिस ने इस ऑपरेशन के जरिए स्पष्ट कर दिया है कि जघन्य अपराध करने वालों के लिए अब कोई नरमी नहीं—अपराध का अंजाम तय है। इससे पहले पुलिस गाजियाबाद में 50,000 के इनामी बदमाश बलराम ठाकुर, सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाइयों का फुल एनकाउंटर कर चुकी है। इसमें क्राइम ब्रांच टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### दो सिपाही घायल, बुलेटप्रूफ जैकेट ने बचाई जान

करंट क्राइम : मुठभेड़ के दौरान दो सिपाही घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। वहीं एक सिपाही की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगने से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस टीम की बहादुरी और सतर्कता से यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

### कमिश्नर की जीरो टॉलरेंस नीति का असर



**करंट क्राइम।** इस कार्रवाई के पीछे पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड की सख्त कानून-व्यवस्था नीति साफ तौर पर नजर आई। उनके कार्यकाल में यह चौथा फुल एनकाउंटर है, जो अपराधियों में खौफ पैदा कर रहा है। बता दें कि मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के बाद पूरे क्षेत्र में गुस्से का माहौल था। आरोपी के एनकाउंटर के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्रवाई को न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## गजप्रस्थ शहर की मांग को लेकर मिले छत्रपति शिवाजी के वंशज से

### दिया ज्ञापन और कहा गजप्रस्थ हो शहर का नाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नाम परिवर्तन की मांग काफी समय से चल रही है। गाजियाबाद का नाम बदलने की मांग हो रही है और इस आंदोलन को चला रहे संदीप त्यागी का कहना है कि गाजियाबाद का नाम गजप्रस्थ होना चाहिए। वो कई स्थानों पर ज्ञापन दे चुके हैं।

गजप्रस्थ की मांग कर रहे संदीप त्यागी अब शिवाजी महाराज के वंशज मालोजी राजे के पास पहुंचे हैं। कोल्हापुर से छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज छत्रपति शाहू जी सांसद के सुपुत्र मालोजी राजे से मुलाकात की है। संदीप त्यागी का कहना है कि उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र भवन में अशोक रामचंदानी के साथ एक मुलाकात कर गजप्रस्थ विषय पर चर्चा की। संदीप त्यागी ने उन्हें गाजियाबाद शहर का इतिहास बताया। और बताया कि 1740 में गाजिउद्दीन ने गजप्रस्थ नाम बदलकर गाजिउद्दीन नगर किया। इसके बाद अंग्रेजों ने इसका नाम बदलकर गाजियाबाद किया।

अब ये मांग उठ रही है कि गाजियाबाद का नाम गजप्रस्थ किया जाये। संदीप त्यागी इस मामले में कई जगह मुलाकात कर चुके हैं, उनकी पूरी बात को मालोजी राजे ने बेहद ध्यान से सुना और सहयोग का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर उनके साथ जम्मू से सरदार विक्रम सिंह, कोल्हापुर से अशोक रामचंदानी, विरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र पांडेय मौजूद रहे हैं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | सोमवार • 20 अप्रैल -2026





# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

## तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की और विपक्ष को घेरा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सपा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। मुस्लिम बहनों के लिए आरक्षण की मांग करते हैं, जबकि हमारा संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दिन विपक्ष ने महिलाओं की अपेक्षाओं में पानी फेरा है। उस दिन को उन्होंने काला दिन बना दिया। इसके विरोध में महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। आने वाले समय में वोट की ताकत से भी महिलाएं विपक्ष को सबक सिखाएंगी। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था देश में चार ही जाति है।

नारी, युवा, गरीब और किसान। भारत को कमजोर करने की नीयत से जिन्होंने जातिवाद के नाम पर देश को लूटा है उनके लिए ये एक चुनौती थी। इसीलिए, उन्होंने ऐसे प्रोग्रेसिव कदम का कांग्रेस और उनके पार्टनर ने विरोध किया है। आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण को लेकर भारी आक्रोश है। कांग्रेस, सपा, आरजेडी, तृणमूल, डीएमके जैसे जो दल इस पाप में भागी थे, उनसे आधी आबादी आक्रोशित है। ये लोग सुधारवादी कदमों के बैरियर के रूप में आगे जाकर षडयंत्र करता है।

ट्रिपल तलाक का भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने विरोध किया था सीएम ने कहा कि जो मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं। तब कहां थे जब शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस ने वह कृत्य किया था। प्रधानमंत्री ने ट्रिपल तलाक पर प्रतिबंध लगाया।

उस कानून का भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने विरोध किया था। भारत को कमजोर करने की नीयत से जातिवाद ने नाम पर अपने परिवार का पोषण करने के लिए लूटने वालों के लिए यह चुनौती और चेतावनी थी। इसलिए, वे हमेशा प्रगतिवादी कदम का कांग्रेस और उनके पार्टनर विरोध करते रहे। सपा, आरजेडी, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके और जो अन्य दल इस पाप के भागीदार थे, उन्हें लोगों ने देखा। प्रधानमंत्री के कदम को रोकने के लिए ये किस हद तक षडयंत्र करते हैं।

### आरक्षण की सीटें बढ़ाने का तय किया था

उन्होंने कहा कि महिला संगठनों ने महिला आरक्षण बिल को 2023 के बजाय 2029 में लागू करने की मांग की। सरकार विशेष अधिवेशन भी लेकर आई। कुछ राज्यों ने उनके हक को कम करने की चिंता जताई थी। प्रधानमंत्री के तय किया था, किसी का हक न मारा जाए, इसलिए आरक्षण की सीटें बढ़ाने का तय किया था। 2011 की जनगणना के मुताबिक उत्तर और दक्षिण के राज्यों में सीटें बढ़नी थीं। इससे नारी को उसका स्वाभाविक अधिकार मिलता। लोगों ने न जाने क्या क्या बात कही। सपा ने मुस्लिम आरक्षण की बात कही।

### संसद में द्रौपदी के चीर हरण जैसा दृश्य था

सीएम ने कहा कि संसद का विशेष अधिवेशन इसी बात के लिए हुआ था, राज्यों के हक का भी इस दौरान पूरा ध्यान रखा गया। सभी राज्यों में सीटें समान अनुपात में बढ़ाई गई, किसी का हक कम नहीं होना था। उत्तर के राज्य हों या दक्षिण के राज्य। सदन के अंदर इंडी गठबंधन की टिप्पणियां, द्रौपदी के चीर हरण जैसा दृश्य था। समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण के बात की, ये संविधान की दुहाई देने वाले लोग बाबा साहब की भावना के विपरीत आचरण करते हैं। संविधान बनते वक्त धर्म के आधार पर आरक्षण की बात आई तो बाबा साहब ने कहा था के एक बार विभाजन हो गया, दोबारा विभाजन नहीं हो सकता।

### कांग्रेस ने नारी, युवा, किसान और गरीब के लिए कुछ अच्छा नहीं किया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी बताए के महिला आरक्षण से जुड़ा ये मुद्दा प्रोग्रेसिव कदम था। वो तब कहां थे जब शाह बानो प्रकरण में कांग्रेस ने पाप किया था। पीएम मोदी ने देश में ट्रिपल तलाक पर कानून बनाया तो भी इन लोगों ने विरोध किया था। आज महिलाओं के हक की दुहाई देने वालों ने देश में सबसे अधिक समय तक शासन किया, लेकिन नारी, युवा, किसान और गरीब के लिए ये कुछ अच्छा नहीं कर पाए।

# महिला आरक्षण बिल पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा

## बोले- भाजपा 'नारी' को 'नारा' बनाने की कोशिश में थी



### जनगणना बिना आरक्षण संभव नहीं: सपा

### भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी

उन्होंने कहा कि भाजपा का हर प्रयास, हर बिल या तो कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने वाला होता है, या फिर छल छलावा होता है। इस बार भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की एकता ने उनके मंसूबों के धूल चटा दी। ये भाजपा के खिलाफ देश में संकरी हो चुकी जन चेतना की जीत है। महिला आरक्षण बिल के सहारे भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी। परिसीमन के रूप में यह बिल भी नारी का हरण करने आया था।

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बीजेपी पर जबरदस्त निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 'नारी' को 'नारा' बनाने की कोशिश में थी। लेकिन, विपक्ष ने उनको अपने मंसूबों पर सफल नहीं होने दिया। जब भाजपा जनगणना नहीं करा सकता, तो महिलाओं को आरक्षण कैसे देंगे?

उन्होंने कहा कि यदि सरकार जनगणना कराएगी तो जातीय जनगणना की बात उठेगी। लेकिन, ये सरकार उनका हक नहीं देना चाहती। हम आधी आबादी को हक देना चाहते हैं, लेकिन वो आधी आबादी कौन सी होगी, ये कौन तय करेगा? विपक्ष सही मायनों में अब देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। भाजपा पहले लोगों को छोटे गुटों में बांटती है, फिर उनको डर दिखाती है। कहती है तुम खतरे में हो, हमारे साथ आ जाओ। भाजपाई सत्ता पाने के लिए कितना भी नीचे गिर सकते हैं। सपा मुखिया ने आगे कहा कि भाजपा का सीएमएफ फार्मूला यानी क्रिएट मिस्ट्रस एंड फियर अब पिट चुका है। इनकी चाल जनता के सामने खुल चुकी है। इसलिए, इनकी हार होना शुरू हो गई है। एकता को बांटने के लिए भाजपाई अब महिलाओं के बीच खेल खेल रहे हैं। लेकिन, अब महिलाएं ही भाजपा को हराएंगी। भाजपा वाले पुरुषों की सत्ता में विश्वास रखते हैं।

**महिलाओं को बांटने की राजनीति का आरोप**

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पर रेखा गुप्ता का विपक्ष पर हमला

## महिलाओं के अधिकारों पर राजनीति का आरोप

- महिलाएं अब खुद अपना अधिकार लेकर रहेंगी
- 30 साल से लंबित बिल पर विपक्ष की नीयत पर सवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संसद में उचित प्रतिनिधित्व देने के मौके पर भी विपक्ष राजनीति कर रहा है और बिल को कमजोर करने की कोशिश की गई।

नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी देश की बेटियों को संसद तक पहुंचने का पूरा अधिकार नहीं मिल पाया है। कांग्रेस महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में साथ देने के बजाय इसे टालने की राजनीति कर रही है।

दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने का मौका आया, लेकिन विपक्ष ने फिर राजनीति को महिलाओं के अधिकारों पर भारी कर दिया।

रेखा गुप्ता ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी देश की बेटियों को संसद तक पहुंचने का पूरा अधिकार नहीं मिला है। ऐसे समय में जब महिलाओं को उनका हक देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है, विपक्ष इसे लोकतंत्र की जीत बताकर महिलाओं की हार पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का मन ही इस बिल को पास कराने का नहीं था। परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए गए, जबकि यह पहले से तय और जरूरी प्रक्रिया है। वर्ष 2023 में पारित बिल में इससे जुड़ी सभी बातें साफ लिखी गई थीं। इसके बावजूद भ्रम फैलाया गया। रेखा गुप्ता ने कहा कि अगर मौजूदा 543 सीटों पर इसे लागू करने की बात होती है तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि कौन पुरुष प्रतिनिधि अपनी सीट छोड़ने को तैयार होगा। इसलिए इस मुद्दे पर केवल राजनीति करना आसान है, समाधान देना मुश्किल। उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है और समझ रही है कि कौन महिलाओं को आगे बढ़ाना चाहता है और कौन उन्हें रोकना चाहता है। विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाएं देश के नेतृत्व में बड़ी भूमिका निभाएं। इन लोगों ने हमेशा विकास और बदलाव का विरोध किया है।

# बुकिंग के बाद भी नहीं मिला सिलिंडर

## 66 हजार उपभोक्ताओं के सामने बड़ा संकट

**आगरा।** रसोई गैस सिलिंडर की बुकिंग और सप्लाई का गणित गड़बड़ा गया है। सिस्टम की खामियों और गैस कंपनियों की सुस्ती का खामियाजा शहर की गृहिणियों को भुगतना पड़ रहा है। हालात ये हैं कि बुकिंग के बाद 66 हजार सिलिंडर उपभोक्ताओं के घर तक नहीं पहुंचे और कागजों से गायब हो गए हैं। कोई सात दिन तो कोई 15 दिन से गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहा है।

जिले में इंडेन, भारत पेट्रोलियम (बीपी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) के करीब 12.50 लाख उपभोक्ता हैं। नियम के मुताबिक, बुकिंग के 24 घंटे के भीतर सिलिंडर की डिलीवरी घर पर हो जानी चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था ध्वस्त है। उपभोक्ताओं को अब एक रिफिल के लिए 7 से 15 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। गैस कंपनियों की इस लेट-लतीफी ने आम आदमी की रसोई का बजट और समय दोनों बिगाड़ दिया है।

जिला पूर्ति विभाग की 13 मार्च, 2026 से 18 अप्रैल, 2026 तक की बुकिंग और सप्लाई की ताजा रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस दौरान कुल बुकिंग 8,79,310 लगभग 8.79 लाख हुई। जबकि बुकिंग के सापेक्ष कुल बिक्री (डिलीवरी) 8,13,561 (लगभग 8.13 लाख) हो सकी है। ऐसे में 65,749 सिलिंडर का डिलीवरी बैकलॉग में अटक गई है। करीब 66 हजार सिलिंडरों का यह अंतर ही गैस संकट की मुख्य वजह है, जिसने हजारों उपभोक्ताओं को परेशान कर रखा है।



### सर्वर डाउन रहने की समस्या

रिपोर्ट के अनुसार 13 मार्च से 31 मार्च के बीच लगातार सर्वर डाउन रहने की समस्या रही। तकनीकी खराबी के कारण बुकिंग तो होती रही, लेकिन एजेंसियों के पास डिलीवरी का डाटा अपडेट नहीं हो सका। दूसरी तरफ बुकिंग अंतराल बढ़कर 45 दिन तक हो गया। जिले के 89 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास स्टॉक भी कम पहुंच रहा है। गैस कंपनियों की मनमानी से डिस्ट्रीब्यूटर्स और उपभोक्ता दोनों प्रभावित हैं

# पटाखा फैक्टरी में धमाका, 16 लोगों की मौत

## सीएम स्टालिन ने जताया दुख





**चैन्नाई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टनापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। इसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक स्त्रीनाथ के अनुसार, वणजा फायरक्रैकर फैक्ट्री में यह धमाका उस समय हुआ जब करीब 30 कर्मचारी काम कर रहे थे। विस्फोट इतना तेज था कि फैक्ट्री के कई कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की टीमों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत और बचाव दल ने मलबे से शवों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रशासन ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है और विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सीएम स्टालिन ने जताया दुख

इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और उन्हें इससे गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। साथ ही प्रशासन को राहत और सहायता कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

### एमके स्टालिन ने दिए ये निर्देश

- मंत्री रामचंद्रन और थंगम थेन्नारासु को तुरंत मौके पर पहुंचने का निर्देश।
- राहत और बचाव कार्य तेज करने व निगरानी करने को कहा।
- प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने के लिए कहा।
- जिला कलेक्टर से संपर्क कर सभी जरूरी मदद सुनिश्चित करने को कहा।

# पूर्वी दिल्ली में बढ़ा मच्छरों का आतंक

## लोग दिन में भी परेशान, अब तक 9 लोगों को हो चुका है डेंगू

**नई दिल्ली।** यमुनापार में मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। आलम यह है कि रात तो दूर, दिन में भी लोगों को मच्छर काट रहे हैं। लोगों का घरों में बैठना दूभर हो गया है। मच्छर काटने से लोगों के शरीर पर लाल रंग के निशान हो गए हैं। दावा है कि सफाई व्यवस्था चरमराने और कीटनाशक दवाओं के छिड़काव न होने से स्थानीय निवासियों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारियों का खतरा है। इसके बावजूद अधिकारी लापरवाह बने हैं।

आरोप है कि लोगों की शिकायतों के बावजूद वह राम नगर विस्तार, जगजीवन नगर, जगतपुरी, ईस्ट नत्थू कॉलोनी, मौजपुर, जाफराबाद, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, मंडावली और पटपड़गंज जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में दवाओं का छिड़काव नहीं कर रहे हैं।

जब मामले को लेकर शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के दिल्ली नगर निगम के अधिकारी विशाल सोयाम और शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र वार्ड समिति के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन कॉल नहीं उठाया।



### कचरे और पानी में पनप रहे मच्छर

लोगों ने बताया कि यमुनापार में स्थिति बेहद चिंताजनक है। आरोप है कि निगम के सफाई कर्मचारी नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठा रहे हैं, जिसके वजह से गलियों और नालियों में कचरा जमा हो रहा है। ऐसे में जमा कचरे और रुके हुए पानी में मच्छर पनप रहे हैं।

# पुष्कर घाटी में बड़ा हादसा: 150 फीट खाई में गिरी बस, 2 की मौत, कई घायल



**अजमेर।** अजमेर के पुष्कर घाटी क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया है।

अजमेर में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां यात्रियों से भरी एक बस पुष्कर घाटी में अनियंत्रित होकर करीब 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक बच्चे की व एक सवारी की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बस में कुल 31 यात्री सवार थे, जो पुष्कर से पीसांगन में मायरा भरने के लिए पुष्कर की ओर जा रहे थे।

हादसा पुष्कर से करीब तीन किलोमीटर पहले, सांझी की छत के आगे घाटी क्षेत्र में हुआ, जहां अचानक बस चालक का नियंत्रण वाहन पर से हट गया और बस खाई में जा गिरी। अजमेर कलेक्टर लोकबंधु ने हादसे को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि दो लोगों की मौत हुई है। आठ एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए लाया गया है।

### अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर पुष्कर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पुष्कर घाटी मार्ग पर लंबा जाम

इस दुर्घटना के चलते पुष्कर घाटी मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर हालात को संभालने में जुटी रही। प्रशासन के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में बस के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है, हालांकि तकनीकी खराबी या चालक की लापरवाही जैसे पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# आजमगढ़ में दो एनकाउंटर: चोर व हिस्ट्रीशीटर घायल

## पुलिस पर गोली चला कर भाग रहे थे, पीजीआई में चोरी का पदार्फाश



**आजमगढ़।** आजमगढ़ जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों जहानागंज और फूलपुर में हुई पुलिस मुठभेड़ों में एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सदस्य और एक शातिर हिस्ट्रीशीटर घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। दोनों ही मामलों में अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई में उनके पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि जहानागंज थाना क्षेत्र में 14/15 मार्च और 19 मार्च को पीजीआई चक्रपानपुर परिसर स्थित आवासों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और लाइसेंसी रिवॉल्वर तक चोरी कर लिया था। इन घटनाओं में मुकदमे दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी।

### चोरी के सामान भी बरामद

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह का एक सदस्य क्षेत्र में मौजूद है। गम्भीरवन इलाके में घेराबंदी के दौरान संदिग्ध ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संजय भील उर्फ संजू निवासी धार, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है।

उसके पास से तमंचा, कारतूस, सोने की सिल्ली, चांदी के आभूषण, 40,000 रुपये नकद सहित करीब 6.5 लाख रुपये का माल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ विभिन्न राज्यों में सरकारी संस्थानों और आवासीय परिसरों की रेकी कर चोरी करता था और आभूषणों को पिघलाकर सिल्ली बना देता था।

### पुलिस पर चलाई थी गोली

वहीं फूलपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात को पुलिस ने भोरमऊ पुलिया के पास मुठभेड़ में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर केसरी चौहान को गिरफ्तार किया। वह पहले एक मामले में व्यक्तिगत रंजिश के चलते जानलेवा फायरिंग कर फरार था। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में वह घायल हो गया।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहन जल्द भरेंगे रफ्तार

## बदायूं-बरेली से लखनऊ की राह होगी आसान



गंगा एक्सप्रेसवे | बदायूं में बना इंटरचेंज

**बरेली।** गंगा एक्सप्रेसवे पर जल्द ही वाहन रफ्तार भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई से गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। इस एक्सप्रेसवे का 95 किमी हिस्सा बदायूं जिले से गुजरता है। इस पर यातायात शुरू होने से बदायूं के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे पर 29 अप्रैल से वाहन रफ्तार भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ करेंगे, जिससे मेरठ से लखनऊ और प्रयागराज तक का सफर काफी आसान हो जाएगा। जबकि बरेली से लखनऊ जाने वालों का सफर भी आसान होगा। यह एक्सप्रेसवे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। बदायूं जिले से गंगा एक्सप्रेसवे का 95 किलोमीटर लंबा हिस्सा गुजरा है, जो स्थानीय कनेक्टिविटी को भी बेहतर

### आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणालियां भी स्थापित, सीसीटीवी कैमरे लगे

गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसकी डिजाइन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो तीव्र और कुशल यात्रा सुनिश्चित करेगी। एक्सप्रेसवे पर आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणालियों के साथ सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं।

तेज गति से वाहन चलाने पर ऑटोमेटिक ऑनलाइन चालान भी हो जाएगा। यह न केवल यात्रियों के लिए बल्कि माल ढुलाई के लिए भी एक महत्वपूर्ण मार्ग बनेगा। परियोजना का उद्देश्य राज्य में कनेक्टिविटी को मजबूत करना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह एक्सप्रेस-वे कई जिलों से होकर गुजरेगा, जिससे उन क्षेत्रों में भी विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

### औद्योगिक कॉरिडोर का होगा निर्माण

गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे एक महत्वाकांक्षी औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। जिले के दातागंज व बिनावर और बनकोटा के पास इसके लिए भूमि भी चिन्हित की गई है। यह कॉरिडोर राज्य में निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। सरकार इस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है।

# चारधाम यात्रा का दिल्ली-दून हाईवे पर असर, मेरठ में सिवाया टोल पर जाम, 24 घंटे में गुजरे 50 हजार वाहन



**मेरठ।** चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है और यात्री फास्टैग की जांच किए बिना ही वाहन लेकर निकल रहे हैं। इस कारण टोल प्लाजा पर वाहन अटक रहे हैं और धीमी रफ्तार से चल रहे हैं। वहीं सड़कों पर वाहनों की संख्या सामान्य से कहीं ज्यादा हो गई है।

चारधाम यात्रा शुरू होते ही वीकेंड पर दिल्ली-दून हाईवे पर यातायात का दबाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। इसका सबसे गंभीर असर मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा पर देखा गया, जहां दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और गाड़ियां घंटों रेंग-रेंग कर आगे बढ़ती रहीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

**टोल प्लाजा पर यातायात का भारी दबाव :** टोल प्रशासन के अनुसार, शनिवार और रविवार को 24 घंटों में 50 हजार से अधिक वाहन सिवाया टोल प्लाजा से होकर गुजरे। यह संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है, जिस कारण टोल प्लाजा पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। बढ़ते दबाव को नियंत्रित करने के लिए टोल कर्मियों को तीन लेन को विपरीत दिशा में खोलना पड़ा, तब जाकर कुछ हद तक राहत मिल सकी। इसके बावजूद दौराला की ओर से लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में निर्धारित समय से कई घंटे अधिक लगे।

**ब्लैकलिस्टेड फास्टैग:** फास्टैग में बैलेंस कम होने पर वह ब्लैकलिस्ट हो जाता है और स्कैन नहीं होता।
**जुमार्ना:** ब्लैकलिस्टेड या खराब फास्टैग की स्थिति में वाहन चालक से दोगुना टोल शुल्क वसूला जा सकता है।
**वैधता:** एक वाहन के लिए केवल एक ही वैध फास्टैग होना आवश्यक है।
**समस्याएं:** टैग के क्षतिग्रस्त होने या गलत तरीके से चिपकाने पर भी स्कैनिंग में समस्या आ सकती है।

### प्रबंधन की अपील

प्रबंधन ने चारधाम यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले अपने फास्टैग का बैलेंस, वैधता और स्थिति की जांच अवश्य कर लें। ऐसा करने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी और जाम की स्थिति से बचा जा सकेगा।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा श्याम विहार, गैंगस्टर विकास लगरपुरिया गैंग के दो बदमाश दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के छावला के श्याम विहार इलाके में एक मकान पर गोलीबारी करने आए दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गोलीबारी के दौरान गैंगस्टर विकास लगरपुरिया गैंग के एक सदस्य रॉकी के पैर में गोली लगी है। दूसरे बदमाश की पहचान सुमित के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र सुमित व उसकी पत्नी दीपिका से उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक-अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थीगण
कपिल देव नागर पुत्र
वाई.एन.नागर व श्रीमती मीनू शर्मा पत्नी
कपिल देव नागर
निवासीगण : तृतीय एफ,930,सेक्टर-3वैशाली, आई.ई.साहिबाबाद,जिला : गाजियाबाद

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

**Atul Jain**
22h ·

नारी अवला नहीं, शक्ति है—अब जवाब देगी 💪✨

अपने आवास पर मा० प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi जी का राष्ट्र के नाम संबोधन सुना। यह क्षण महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करने वाला रहा।
#NariShaktiVandanAdhiniyam



# 26-27 अप्रैल को मंत्रीमंडल विस्तार की है सुगबुगाहट
# सुनाई दे रही है किसी त्यागी चेहरे के आने की आहट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंत्री मंडल का विस्तार होने की चर्चा शुरू हो गयी है। सुगबुगाहट ये है कि 26 या 27 अप्रैल में मंत्री मंडल का विस्तार हो सकता है। इस मंत्री मंडल में नये चेहरों को शामिल किया जायेगा कुछ को बाहर भी किया जा सकता है।

सरकार चुनाव से पहले हो रहे मंत्रीमंडल विस्तार का सीधा कनैक्शन 2027 के हो रहे विधानसभा चुनाव से जोड्कर देखा जा रहा है। मंत्रीमंडल का विस्तार ओर चुनाव की तैयारी एक दूसरे से जुड़ी हैं और जाहिर सी बात है कि मंत्रमंडल विस्तर के जरिये जातीय समीकरण को साधा जायेगा। यहां इस बात की भी चर्चा है कि सरकार में सहयोगी दल के किसी चेहरे को भी मंत्री बनाया जा सकता है। मंत्री मंडल विस्तार की प्रबल संभावनाओं के बीच ये चर्चा भी तेज हो गयी है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसी चेहरे को हिस्सा बनाया जायेगा।

जिस बिरादरी की बात हो रही है उसके इफैक्ट गाजियाबाद में भी दिखाई देंगे। सूत्र बताते हैं कि मंत्रीमंडल विस्तार में किसी त्यागी चेहरे को लेने की आहट सुनाई दे रही है। त्यागी समाज के तीन या चार जातियों के चेहरों को लिया जा सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां मजबूत चर्चा त्यागी समाज को लेकर है। इसकी वजह भी यही बताई जा रही है कि







त्यागी समाज ने चुनाव से पहले अपनी सरकार वाली भागीदारी को लेकर सवाल उठाया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक भी मंत्री त्यागी समाज से नहीं है। ऐसे में त्यागी समाज के वोटों को साधने और उन्हें भाजपा के पक्ष में एकजुट करने की पहल मंत्री पद से हो सकती है। माना जा रहा है कि भाजपा वोट समीकरण के चलते एक त्यागी चेहरे को मंत्रीमंडल में ले सकती है।

त्यागी समाज का कौन सा चेहरा मंत्रीमंडल में आयेगा इसको लेकर चर्चा चल रही है। ये चर्चा शुरू कर दी है कि उनके समाज का कोई भी चेहरा मंत्रीमंडल में नहीं है बल्कि त्यागी समाज भाजपा काकमेटिड वोट बैंक है। जहां सरकार जातिय समीकरण का तर्क दे रही है वहीं त्यागी समाज में भी वर्क शुरू हो गया है। त्यागी समाज से जो नाम चल रहा है वो अश्विनी त्यागी का भी है। अश्वनी त्यागी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और वो एमएलसी हैं। मजबूत प्रोफाईल है और दावेदारी बनती है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात करें और गाजियाबाद की त्यागी सियासत में मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी का प्रोफाईल मजबूत है। वो अपने फैमिली सियासी सिजरे से मजबूत हैं। उनके पिता स्वर्गीय राजपाल त्यागी दो बार कैबिनेट मंत्री रहे हैं, आठ बार विधायक रहे हैं। खुद अजितपाल त्यागी जमीनी नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं और मुरादनगर विधानसभा से विधायक हैं। त्यागी राजनीति का परिपक्व चेहरा हैं। त्यागी नाम पर अगर चर्चा चल रही है तो यहां प्रबल संभावना है कि त्यागी चेहरे को मौका मिल सकता है।

अगर मौजूदा मंत्रीमंडल की बात की जाये तो वर्तमान में गाजियाबाद से दो चेहरे सरकार में मंत्री हैं इन में से साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री हैं और एमएलसी नरेन्द्रकश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। लेकिन यहां पर यह भी एक तथ्य है कि वर्तमान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से कोई भी त्यागी चेहरा मंत्रीमंडल का हिस्सानहीं है। ऐसे में चुनाव से पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में त्यागी समाज का समीकरण साधने के लिए त्यागी चेहरों के नाम पर सहमति बनेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रहचुके अश्वनी त्यागी का नाम क्या मंत्रीमंडल की लिस्ट में आयेगा।

यहां पर त्यागी चेहरों मे अजितपाल त्यागी का भी नाम है। वो अपने पारिवारिक मजबूत प्रोफाईल के साथ साथ खुद के राजनीतिक स्कोर कार्ड के साथ बेहतर स्थिति में है। लगातार दो बार भाजपा के टिकट पर एक बड़े मार्जन के साथ जीत हांसिल कर अपनी ताकत का जलवा दिखाया है।

## रालोद का कोई चेहरा बनेगा क्या सरकार में मंत्री

**करंट क्राइम।** चुनावों से पहले भाजपा जहां जातीय समीकरण साधेगी वहीं वो सहयोगी दल को भी साधेगी। सूत्र बताते हैं कि मंत्री मंडल विस्तार में रालोद का भी कोई एक चेहरा मंत्री मंडल का हिस्सा हो सकता है। हालाकि सूत्र ये भी बता रहे हैं कि यहां पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को भी इस विस्तार के जरिये सरकार में मंत्री पद मिल सकता है। फिलहाल कयास लग रहे हैं और चेहरे प्रयास में हैं।

## तीन दिन बाद होगी क्षेत्र अध्यक्ष की घोषणा

**करंट क्राइम।** मंत्रीमंडल विस्तार के साथ साथ अब चर्चा भाजपा की प्रदेश टीम को लेकर शुरू हो गयी है। सूत्र बताते हैं कि मंत्रीमंडल विस्तार के तीन दिन बाद भाजपा की प्रदेश टीम घोषित हो जायेगी। प्रदेश टीम के साथ ही वेस्ट यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम भी घोषित हो जायगा। नामों की चर्चा कई चेहरों को लेकर है। किस पर सहमति बनेगी ये अभी फिलहाल राज है।

# तो क्या इसलिए नहीं जा रहे अब पार्षद मिलकर गोवा टूर
## गर्मी ज्यादा है या फिर हुए हैं किसी और बात पर मजबूर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम पार्षदों का ये कार्यकाल इसलिए भी याद रखा जायेगा कि निगम उन्हें किसी भी टूर पर नहीं ले गया। वरनापहले भी सदन रहे है और उनके टूर भी लगे है। इस कार्यकाल में पार्षद एकता वेलफेयर का गठन हुआ और सारे पार्षद मिलकर उत्तराखंड के टूर पर गये। पार्षदों के दल को लोकसभा संसद अतुल गर्ग ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

शहर विधायक संजीव शर्मा उनके साथ गये। पार्षदों का ये टूर काफी मजेदार रहा। कोटद्वार के मेयर ने गाजियाबाद के पार्षदों का स्वागत किया। मंदिरों में पूजा अर्चना हुई, तम्बोला हुआ और आत्मीय आथित्य का आनंद लेकर पार्षद वापस लौटे। पार्षद इस टूर से बेहद गदगद नजर आये। पार्षदों ने टूर के आर्गेनाईजर जय और वीरू की जोड़ी का थैंक्स किया। ये जोड़ी किसी भी प्रोग्राम को ईवेंट बनाना जानती है। ये इतने शानदार आयोजक हैं कि छोटी से छोटी सुविधा का ध्यान रखते हैं। ये कार्यक्रम को परवान चढ़ाते हैं। जिसक कार्यक्रम को हाथ में लेते हैं उसे सफल बनाते हैं। लैंसडाउन का टूर यादगार बना दिया। सफलतम टूर की यादें सभी के दिलों में ताजा हैं। उत्तराखंड के बाद गोवा टूर की बात हुई, इसी बीच सीन में जिम कॉरबेट की एंट्री हुई। फिर गोवा टूर आ गया। ऐलान हो गया कि गोवा टूर जायेंगे। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जब पूरा प्लान तैयार हुआ तो यहां पर टेंडर वाला स्पीड ब्रेकर आ गया। कहानी विकास की नजर में आ गयी और फिर टूर कैंसिल हुआ और फिर आवाज आयी कि कोई टूर कैंसिल नहीं है।

पार्षदों से उनके नाम पूछे गये। टूर का प्लान बना और पार्षदों केचेहरे खुशी से आलोकित हो गये। लेकिन सूत्र बताते हैं कि गोवा टूर का प्रोग्राम पूरी तरह विलोपित हो गया है। किन कारणों से टूर विलोपित हुआ है वो विस्तार से नहीं बताया जा रहा है लेकिन फिलहाल कहा ये जा रहा है कि गर्मी बहुत है और ऐसे में गोवा जाना ठीक नहीं रहेगा। समर सीजन है तो गोवा ना जाने का यही एक रीजन है। गोवा टूर को लेकर जब आयोजक वाली जोड़ी में से एक चेहरे से बात हुई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गर्मी का मौसम है और ऐसे में गोवा जाना किसी भी दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। फिलहाल ठीक और गलत तो भीतर चल रहा है लेकिन ये तय है कि गोवा का टूर गर्मी के चलते फिलहाल कैंसिल हो गया है।

# नहीं संतुष्ट है क्या उत्तराखंड समाज कैबिनेट मंत्री की दावत से
## वो चाहता है भागीदारी और उसके तेवर दिख रहे है सियासी बगावत के






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी जीत भाजपा को मिलती है। यहां सुनील शर्मा लगातार विधायक हैं और देश की सबसे बड़ी जीत हांसिल करने वाले विधायक हैं। वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हें और विधानसभा में उनका कद हैवीवेट माना जाताहै। मंडलअध्यक्ष उनके हैं पार्षद उनके हैं।

उत्तरखंड और पूर्वांचल समाज में उनकी पकड़ बहुत मजबूत बतायी जाती है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा यहां स्वाद से लेकर फरियाद तक एक गणित जानते हैं। वो पूर्वाचल के लोगों के साथ लिटठी चौखे का आनंद लेते हैं। एक जुड़ाव महसूस करते और कराते हैं। लेकिन अब इस विधानसभा में उत्तराखंड समाज के लोग कैबिनेट मंत्री की दावत से बगावत करते दिखाई दे रहे हैं। उन्हें मंत्री जी दावत वाली अदावत पसंद नहीं आयी है। वो संतुष्ट नहीं हैं और उनका स्वर ये उभरा है कि अखिर हमें कब राजनीतिक भागीदारी मिलेगी। उत्तराखंड समाज के भीतर ये बात उठ गयी है कि ना कोई विधायक हमारा है ना कोई जनप्रतिनिधि हमारे हैं और ना कोई पदाधिकारी उत्तराखंड समाज से नहीं है। उत्तराखंड समाज के लोग अब सियासी भागीदारी चाहते हैं। वो संगठन से लेकर सरकार तक जिम्मेदारी चाहते हैं।

उत्तराखंड समाज के लोगों की एक बैठक इंदिरापुरम में रविवार को हुई। इस बैठक में उत्तरखंड समाज के लोग पहुंचे। बैठक में ये कहा गया कि गाजियाबाद में उत्तराखंड समाज के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है लेकिन संखया के अनुपात में राजनीतिक दल सहभागिता नहीं दे रहा है। बात ये भी आयी कि चाहे वो मंडल में पद हों, चाहे महानगर में पद हों, या चुनाव में टिकट देने की बात हो। इन सभी में उत्तराखंड समाज की अनदेखी की जाती है।

बैठक में जो लोग उत्तराखंड एकता का नारा दे रहे थे और जिन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड समाज के लोगों को एक होना होगा। उनमें सभासद सोनू जोशी, चंदन गोसांई, पूर्व पार्षद अनिल राणा, परमिला राणा, पूर्व पार्षद मोहन सिंह रावत, पूर्व राज्यमंत्री सचिददानंद, दिनेश लखेड़ा और राजेन्द्र चौहान प्रमुख थे। खास बात ये है कि उत्तराखंड समाज के सारे चेहरे भाजपाई है। अगर इदिरापुरम में रहने वाले भाजपाई अब उत्तराखंड समाज की वोटों के आधार पर राजनीतिक भागीदारी मांग रहे हें तो ये आने वाले समाज का भी संदेश हैं।

माना जा रहा है कि मंत्री जी की दावत से अब उत्तराखंड समाज वाले खुश नहीं है। वो अब राजनीतिक भागीदारी चाहते हैं। उन्हें अब दावत वाली खातिरदारी नहीं बल्कि संगठन से लेकर सरकार तक भागीदारी चाहिए। वो वोटों का गणित जोड़ रहे हैं, और अपनी संख्या जोड़ रहे हें और चुनाव से पहले उन्होनें इस तरीके की पंचायतों का माहौल बनाना शुरू कर दिया है। ये नाराजगी चुनावों में कितना असर डालेगी ये देखने की बात है लेकिन नाराजगी का बीज अगर आज डाला गया है तो इस पर आने वाले समय में फूल जरूर आयेंगे।

# मासूम से दरिंदगी करने वाला आरोपी मुठभेड़ में ढेर, दोनों पैरों में लगी गोली
## एसीपी इंदिरापुरम के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई, पॉक्सो और आर्म्स एक्ट में केस दर्ज; अस्पताल में भर्ती





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत के मामले में पुलिस ने त्वरित न्याय सुनिश्चित करते हुए मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार देर रात हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल अवैध तमंचा और चोरी का सामान भी बरामद किया है।

### चोरी के बाद मासूम को बनाया निशाना

करंट क्राइम। पुलिस जांच के अनुसार, घटना 15 अप्रैल की रात की है। आरोपी अल्फाजुद्दीन (22) नशे की हालत में इलाके की एक झुग्गी में दाखिल हुआ। उसने पहले वहां से नकदी और मोबाइल फोन चोरी किए। इसके बाद वह वहां सो रही 7 साल की बच्ची को उठाकर पास के पार्क में ले गया, जहां उसने मासूम के साथ दुष्कर्म किया। जब बच्ची ने शोर मचाया, तो आरोपी ने उसका गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश की और मौके से फरार हो गया।

> ‘हमने मामले की गंभीरता को देखते हुए वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को ट्रैक किया। मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। हमारा प्रयास है कि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिले और अपराधी को उसके कृत्य की सख्त सजा मिले।’
> – अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी, इंदिरापुरम

### घेराबंदी और मुठभेड़

करंट क्राइम। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई थीं। शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में है। ग्रीन बेल्ट रोड पर जब पुलिस ने संदिग्ध को रुकने का इशारा किया, तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में गोली आरोपी के दोनों पैरों में लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा।

**पीड़िता की स्थिति:** बच्ची का उपचार जारी है, हालत स्थिर बताई जा रही है।

### क्षेत्र में आक्रोश, पुलिस ने बढ़ाई गश्त

इस जघन्य अपराध के बाद स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त था। लोगों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। पुलिस प्रशासन ने जनता को आश्वस्त किया है कि इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्हें दे दी गयी है हिदायत कि वो रखें अपने काम से काम? क्या लग गया है उन पर केसरिया दफ्तर को चुगली घर में परिवर्तित करने का इल्जाम? सुना है उनकी इस हैबिट से हो गये हैं उनके साथी भी परेशान? कहने वाले ने कहा कि दफ्तर वाले भी चाहते हैं कि वो यहां रोज विजिट ना करें और दोपहर में कर लें अपने घर पर ही आराम? समझने वाले समझ गये होंगे हम नहीं ले रहे उनका नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले हरि भैया ने जब मिलाया ओबीसी वाले डागर को फोन? अब वो हो गये हैरान सुनकर उसकी टोन? उन्होंने कहा, कहां हो यार नहीं हो रहे तुम्हारे दीदार? डागर ने कहा मेरा मन हो गया है भोला? मैंने पहन लिया है राजनीति का चोला? कहने वाले ने कहा शब्द वैसे तो लग रहे थे सॉफ्ट मगर अंदर कहीं जल रहा था शोला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं आपको बिल्डर के ढाई खोखे वाले की कहानी? सुना है इस फ्लैट को चाहने के लिए एक मैम्बर ने डेढ़ खोखे का प्रपोजल रखा था साहब? इस रेट को सुनकर दिख रही थी बिल्डर की घबराहट वाली टोन? उन्होंने मैम्बर की शिकायत को लेकर मिला दिया था अधिकारी को फोन? सुना है त्यागी जी तक भी पहुंचा था इस डिमांड का खाखा? सोचा था त्यागी जी संभाल लेंगे बिल्डर की बात? मगर उन्होंने जिस बड़े चेहरे से मैम्बर की शिकायत लगाई? उन्होंने कहा आप क्यों इस पचड़े में पड़ रहे हो? वो कौन सा उस फ्लैट को फ्री में खरीद रहा है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप उठाकर देख लो उस नाराज चेहरे का इतिहास? वो जिसके भी साथ रहा समय बीतने के साथ-साथ हो गया उससे नाराज? पंजाबी नेता से लेकर कमांडर तक और पूरे मान से किसी के साथ रहे हैं उसके हमेशा ऐसे ही हालात? अब क्या फर्क पड़ रहा है अगर हो गया हो वो भगवा योद्धा से नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी विधानसभा के क्रान्तिकारी मावी ने स्पष्ट कर दिये हैं अपने तेवर? कह दिया है कि वो हर परिस्थिति में करेंगे अपने क्रान्तिकारी की फेवर? वो उनके रथ के हैं सारथी? क्रान्तिकारी को हराने का किसी में नहीं है दम? वो बोले कि जितने दावेदारी कर रहे हैं? सबके मामले में है पानी कम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह पूरे मान से वो वेस्टर्न में देख रहे हैं काम? हम आपको सच बता रहे हैं उनको मिलने वाला है कोई बड़ा ईनाम? देखना जब होगी घोषणाएं तो कोई ना कोई मजबूत पद आयेगा उनके पास? हम वैसे ही नहीं कह रहे हमें अंदर से पता चली है ये गहरी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो जो दावेदारी करके दिखा रहे हैं विधानसभा में अपनी मजबूत अदाकारी? करने वाले ने कर ली है इकट्ठी उनकी बहुत सारी जानकारी? पता चला है इन दावेदार ने लैंड वाली डील में बना लिया है एक बड़े समाजवादी नेता को अपना पार्टनर? बस इतना ही काफी है उनकी दावेदारी को उखाड़ने के लिए सबूत? वो जब जहां कहेंगे वहां उनको हम दिखवा देंगे प्रूफ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अध्यक्ष जी को पता है कि इन दिनों खबरों में माहौल बनवाकर कौन कर रहा है उनसे खता? पता चला है अध्यक्ष जी ने इस चेहरे का निकलवा लिया है पता? उन्होंने लिया है पूरा पेटर्न जांच? कहने वाले ने कहा अध्यक्ष जी बहुत स्मार्ट हैं? वो जाहिर नहीं होने दे रहे हैं इस चेहरे को अपने एहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे ही ओबीसी चेहरे ने सुनी शर्मा एंड कंपनी की नदिया पार से दावेदारी की बात? हमने देखा ये सुनते ही ओबीसी के फेस पर आ गई जबरदस्त मुस्कुराहट? वो बोले शर्मा एंड कंपनी वाले भी जानते हैं कि बहुत मुश्किल है यहां से खेलना दावेदारी की पारी? वो तो सिर्फ माहौल बनाने के लिए कर रहे हैं दावेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम खड़े थे एक पार्षद के पास? एक युवा क्रान्तिकारी पंजाबी चेहरा भी नजर आ रहा था उनके साथ? हमने सुना मैम्बर प्रकट कर रहे थे अपने जज्बात? कह रहे थे पूर्व वाले जनप्रतिनिधि मे जो अदा थी? वो उनके सुपुत्र में नहीं दिखती है साहब? नहीं दिखाई देते हैं सुपुत्र में अपने डैडी जैसे तेवर? मैम्बर बोले हम उनकी चिंता कर रहे हैं इसलिए ये बात बोल रहे हैं? हम बेमतलब में नहीं करना चाहते हैं उनकी फेवर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# किसी को छेड़ते नहीं, कोई छेड़े तो छोड़ते नहीं
## : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में चुनावी माहौल के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई देश या ताकत भारत को छेड़ती है तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए देश की सुरक्षा नीति को साफ शब्दों में सामने रखा। राधापुरम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अपनी सुरक्षा और संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ता है तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं।

20 April -26 page 4 19-04-2026 8:00 PM Page 1



## संपादकीय

# होर्मुज खुला, वैश्विक राहत

ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को सभी कमर्शल जहाजों के लिए खोलने से वैश्विक व्यापार को बड़ी राहत मिली है। इससे अमेरिका-ईरान तनाव कम होने और समझौते की उम्मीद बढ़ी है। इजरायल-लेबनान युद्धविराम और ऑयल शिपमेंट की आवाजाही से माहौल सकारात्मक हुआ है। हालांकि युद्ध के नुकसान से तेल उत्पादन सामान्य होने में अभी समय लगेगा।

ईरान का होर्मुज स्ट्रेट को सभी कमर्शल जहाजों के लिए पूरी तरह खोल देना वैश्विक व्यापार के लिए राहत की बहुत बड़ी खबर है। इससे इस संकरे समुद्री मार्ग को लेकर पिछले डेढ़ महीने से जारी तनाव कम होगा। इस बीच अमेरिका की तरफ से भी लगातार संकेत आ रहे हैं कि समझौता हो सकता है। बड़ी बाधा दूर अमेरिका और ईरान के बीच गतिरोध की जितनी बड़ी वजह तेहरान का परमाणु कार्यक्रम है, उतनी ही बड़ी वजह होर्मुज भी बन चुका है। दोनों के बीच पहले दौर की वार्ता असफल होने के पीछे एक बड़ी वजह होर्मुज भी था। इसके अलावा लेबनान पर जारी इस्राइली हमलों के कारण बातचीत बेहद अविश्वास भरे माहौल में हुई थी। अब इस्राइल और लेबनान 10 दिनों के युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं, तो ईरान ने भी होर्मुज को खोल दिया। सही होगा माहौल यह खबर भी सकारात्मक है कि सोमवार से जारी अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी के बीच शुक्रवार को पहली बार ईरान के एक ऑयल शिपमेंट ने खाड़ी को पार किया। ये सारे डिवेलपमेंट समझौते की दिशा में अहम कदम हैं। इससे बातचीत के लिए सही माहौल तैयार करने में मदद मिलेगी। हालांकि यह जरूरी है कि अब किसी पक्ष को माहौल खराब करने की छूट न दी जाए। हिजबुल्लाह जैसे तत्वों से भी सावधान रहना होगा, जो संघर्ष बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं।

ट्रंप के दावे अमेरिका और ईरान के बीच इस समय दूसरे दौर की वार्ता के लिए पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक दिन पहले दो बड़े दावे किए। पहला, ईरान युद्ध बहुत जल्द खत्म होने वाला है और दोनों देश शांति समझौते के करीब हैं। उनका दूसरा दावा ज्यादा दिलचस्प है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाला समृद्ध यूरेनियम सौंपने पर सहमत हो गया है। युद्ध छेड़ने के बाद से ट्रंप ने संघर्ष और शांति को लेकर इतने अलग-अलग दावे किए हैं कि उनमें से किसी एक पर यकीन कर पाना मुश्किल है। इसके बावजूद इधर उनके बयान इशारा कर रहे हैं कि अमेरिका इस जंग को खत्म करना चाहता है। नुकसान का असर यह युद्ध रुकना ही चाहिए। इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में हुए नुकसान की वजह से तेल उत्पादन को युद्ध के पहले वाली स्थिति में लाने में लगभग दो साल लग जाएंगे। यानी, अगर कोई समझौता होता है, तो भी दुनिया को झटके से उबरने में लंबा समय लगेगा। इसलिए अगर अब बात कुछ बनती दिख रही है, तो इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

# मजबूत एसेट क्वालिटी और बढ़ती कर्ज मांग से भारतीय बैंकिंग सेक्टर में तेजी के संकेत

### साइबर सुरक्षा और डिजिटल फ्रॉड बनी सबसे बड़ी चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत स्थिति में है और आगे भी तेजी की उम्मीद है। फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन के सर्वे में बेहतर एसेट क्वालिटी, मजबूत पूंजी और टरटए-रिटेल कर्ज मांग को इसकी वजह बताया गया। मौद्रिक नीति स्थिर रहने के संकेत हैं, जबकि सरकारी बैंक भविष्य को लेकर ज्यादा आश्वस्त दिख रहे हैं।

भारत का बैंकिंग सेक्टर फिलहाल मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है। एक हालिया सर्वे के मुताबिक, बैंकों की हालत बेहतर हो रही है और आगे भी इसमें सुधार जारी रहने की उम्मीद है। इस मजबूती की वजह अच्छी एसेट क्वालिटी (कम खराब लोन), मजबूत पूंजी, और रिटेल व छोटे कारोबार (एसएमई) में बढ़ती कर्ज की मांग है। यह सर्वे फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन ने मिलकर किया है। इसमें बताया गया कि आने वाले समय में बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को लेकर माहौल सकारात्मक है। इसकी वजह मजबूत बैलेंस शीट और अर्थव्यवस्था में स्थिर गतिविधियां हैं। सर्वे में यह भी कहा गया है कि मौजूदा मौद्रिक नीति (ब्याज दर से जुड़ी नीति) फिलहाल संतुलित है और इसमें बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है। हालांकि कुछ सहकारी बैंकों ने ब्याज दर में हल्की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। बैंकों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में कर्ज की मांग बढ़ती रहेगी, खासकर रिटेल और छोटे-मध्यम उद्योगों से। सरकारी बैंक भविष्य को लेकर ज्यादा भरोसेमंद नजर आ रहे हैं, क्योंकि उनकी एसेट क्वालिटी सुधरी है और कॉरपोरेट लोन में रुचि बढ़ रही है।

### किस बैंक की क्या स्थिति है?

जबकि विदेशी बैंक कॉरपोरेट सेक्टर में निवेश को लेकर संतुलित रुख अपना रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सेवा क्षेत्र जैसे रियल एस्टेट, वित्तीय सेवाएं, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन में बढ़ती गतिविधियों के कारण लोन की मांग मजबूत बनी रहेगी। करीब 46% लोगों का मानना है।

# मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की राह में औद्योगिक भूमि सबसे बड़ी बाधाः सीआईआई रिपोर्ट

### जटिल नियम, अस्पष्ट स्वामित्व और देरी से निवेश प्रभावित




**नई दिल्ली।** सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, 'मेक इन इंडिया, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारों, नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और आधुनिक लॉजिस्टिक्स के तहत भारत की मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की महत्वाकांक्षाओं को तब तक साकार नहीं किया जा सकता जब तक कि औद्योगिक भूमि पूवार्नुमानित, पारदर्शी और निवेश के लिए तैयार न हो जाए।'

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए किफायती और पारदर्शी तरीके से उद्योगों की औद्योगिकी भूमि तक पहुंच जरूरी है। इंडस्ट्री बॉडी ने अपनी रिपोर्ट 'सीआईआई लैंड मिशनः फ्रेमवर्क टू रिफॉर्म इंडस्ट्रियल लैंड मैनेजमेंट इन इंडिया' में औद्योगिक भूमि पारिस्थितिकी तंत्र में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, 'मेक इन इंडिया, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारों, नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और आधुनिक लॉजिस्टिक्स के तहत भारत की मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की महत्वाकांक्षाओं को तब तक साकार नहीं किया जा सकता जब तक कि औद्योगिक भूमि पूवार्नुमानित, पारदर्शी और निवेश के लिए तैयार न हो जाए।'

उन्होंने कहा, 'सीआईआई लैंड मिशन एक व्यावहारिक, कार्यान्वयन केंद्रीय ढांचा प्रदान करता है जो सामाजिक सुरक्षा उपायों का सम्मान करते हुए भूमि मूल्य श्रृंखला में समय दक्षता, पूवार्नुमान और समन्वय को बढ़ाता है।' औद्योगिक भूमि विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा और रसद के लिए एक मूलभूत संसाधन बनी हुई है। हालांकि, विभिन्न राज्यों में वर्तमान परिदृश्य खंडित प्रक्रियाओं, जटिल नियामक व्यवस्था, अस्पष्ट भूमि स्वामित्व, विलंबित कब्जे और आवंटित भूखंडों के अल्पउपयोग से ग्रस्त है।

# अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की चाल तय करेगी शेयर बाजार की दिशा

- भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर निवेशकों की नजर
- क्रूड कीमतें और तिमाही नतीजे बनेंगे अहम फैक्टर

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। एक्सपर्ट्स ने यह राय जताई है। उन्होंने बताया कि विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च हेड अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर क्रूड ऑयल की कीमतों और वैश्विक



निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है। देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की।

एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी।

स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट लिमिटेड के रिसर्च हेड संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा।

### इस हफ्ते बाजार पर असर डालने वाले बड़े फैक्टर

अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़ी खबरें, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगे। एचडीएफसी बैंक के बेहतर नतीजों के बावजूद छोटे कारोबार पर जोखिम की चेतावनी सामने आई है। वहीं, विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और वैश्विक घटनाक्रम भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगे।



## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं.
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं.
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है.
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है.
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या.
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था.
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है.
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है.
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है.
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

# इस हफ्ते 2 कंपनियां ट्रेड करेंगी एक्स-बोनस

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते शेयर बाजार में दो कंपनियां एक्स-बोनस ट्रेड करेंगी। इन दो कंपनियों में एक कंपनी 1 शेयर पर 4 शेयर बोनस दे रही है। वहीं, एक कंपनी 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दे रही है। कंपनी की तरफ से दी जानकारी में कहा गया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 4 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 24 अप्रैल 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों के पास इस दिन 1 शेयर रहेंगे उन्हें ही 4 शेयर बोनस के तौर पर मिलेगा।

### 1 साल में किया पैसा दोगुना

शुक्रवार को मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर यह स्टॉक बीएसई में 312.25 रुपये के लेवल पर था। बीएसई के डाटा के अनुसार एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 573 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, 5 साल में यह स्टॉक 18267 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। कंपनी बोनस शेयर भी दे रही है। और साथ ही इस स्टॉक का बंटवारा भी होने जा रहा है। इसके लिए भी कंपनी ने 24 अप्रैल की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में इस कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के



फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 5 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। शुक्रवार को मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर स्टॉक 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 141 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहा था। बता दें, कंपनी में प्रमोटर्स की शेयरहोल्डिंग 52.68 प्रतिशत है।

# पश्चिम एशिया संकट से भारत में एलपीजी खपत में बड़ी गिरावट, सप्लाई पर पड़ा असर

### मार्च में गैस खपत 13% घटकर 2.379 मिलियन टन

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया तनाव का सीधा असर भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ा है। मार्च में एलपीजी खपत 13% घटकर 2.379 मिलियन टन रह गई। भारत 60% एलपीजी आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता है। सप्लाई बाधित होने पर सऊदी अरब और यूएई से आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे गैर-घरेलू और बल्क उपयोग में भारी गिरावट दर्ज की गई।

भारत में रसोई गैस की खपत में



मार्च महीने के दौरान तेज गिरावट दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटकर 2.379 मिलियन टन रह गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2.729 मिलियन टन थी। यह गिरावट पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और सप्लाई में बाधा के कारण आई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है। लेकिन इस क्षेत्र में तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से आने वाली आपूर्ति भी बाधित हुई, जिससे सरकार को होटल और उद्योगों जैसे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी ताकि घरेलू रसोई गैस सुरक्षित रहे। घरेलू एलपीजी सिलिंडर की खपत भी मार्च में 8.1 प्रतिशत घटकर 2.219 मिलियन टन रह गई।

**घरेलू उपभोक्ताओं को राहत, लेकिन उद्योगों पर असर**

### लगातार बढ़ रही मांग, खपत की क्या है स्थिति?

बता दें कि पूरे वित्तीय वर्ष में एलपीजी की कुल खपत 6 प्रतिशत बढ़कर 33.212 मिलियन टन तक पहुंच गई, जो बताता है कि लंबे समय में मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत में लगभग कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया। वहीं पेट्रोल और डीजल की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई है, जिससे साफ है कि परिवहन क्षेत्र में मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है। कुल मिलाकर, पश्चिम एशिया के तनाव ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा असर डाला है और इसका सबसे बड़ा प्रभाव रसोई गैस की उपलब्धता और कीमतों पर देखा जा रहा है।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। पर, धैर्यशीलता में कमी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में विदेश जाने के योग हैं।

**वृष:** आत्म संयत रहें। बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। सेहत के प्रति सचेत रहें। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मिथुन:** मन शांत तो रहेगा, फिर भी भावनाओं को वश में रखें। संतान सुख में वृद्धि होगी। पर, जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ के मौके मिलेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चो की अधिकता रहेगी। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। खान-पान में रुचि रहेगी। नौकरी में बदलाव के योग है।

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर, धैर्यशीलता में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग हैं। उच्च पद की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। परिवार में शांति बनाए रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग हैं। शासन का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में विदेश जाने के योग हैं। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिश्रम बढ़ेगा।

**मीन:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें। सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। लेखन कार्यों के अच्छे परिणाम मिलेंगे।

## चुटकुले

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा खुशी कब मिलती है?
स्टूडेंट : जब मोबाइल 1% से सीधे 20% पर पहुंच जाए

पत्नी : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति : जितना तुम सोच भी नहीं सकती
पत्नी : फिर भी बताओ
पति : बस इतना समझ लो...
OTP भी तुमसे पूछकर डालता हूं

दोस्त : भाई पढ़ाई कैसी चल रही है?
मैं : बस पूछ मत
चल तो रही है, पर मेरे बिना

डॉक्टर : तुम रोज कितनी एक्सरसाइज करते हो?
मरीज : जी मोबाइल उठाता हूं, रखता हूं
डॉक्टर : अच्छा!
मरीज : दिन में 200 बार

मम्मी : फोन छोड़ दे, आंखें खराब हो जाएंगी
मैं : आप ही कहती थीं आगे बढ़ो
मम्मी : हां, लेकिन इतना भी नहीं




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# क्या खलील के बाद आयुष म्हात्रे भी होंगे लीग से बाहर

## हसी ने चोट पर दिया बड़ा अपडेट



आयुष म्हात्रे

**हैदराबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स को चोटों का झटका लग सकता है। आयुष म्हात्रे की फिटनेस पर सवाल बने हैं, जबकि खलील अहमद पहले ही बाहर हैं। कोच माइक हसी ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और फैसला मेडिकल रिपोर्ट के बाद होगा।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की चोट पर अपडेट देते हुए कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। म्हात्रे की चोट की गंभीरता का पता नहीं चल सका है। उसके लिए यह निश्चित रूप से बुरा है।

**'म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग टियर'**

हसी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह हैमस्ट्रिंग टियर है। पता नहीं यह कितना बुरा है। हम शायद अगले दिन उसका स्कैन करेंगे। मुझे पक्का नहीं पता, लेकिन हां, यह काफी बुरा लग रहा है। बदकिस्मती से, उसका बाहर होना एक बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह हमारे लिए अच्छे टच में था।'

**'आयुष को खोना निराशाजनक'**

उन्होंने आगे कहा, 'वह एक रोमांचक युवा प्रतिभा है, लेकिन इससे किसी और को मौका मिलेगा, इसलिए यह भी रोमांचक है। हमारे पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें मौका नहीं मिला है, इसलिए उनमें से किसी एक के लिए यह रोमांचक होगा।

आयुष को खोने से हम जितना निराश हैं, मुझे नहीं पता कि यह कितने समय तक रहेगा, लेकिन एक नए खिलाड़ी का आना और मौका मिलना रोमांचक है।'



खलील अहमद

**म्हात्रे ने अब तक शानदार खेल दिखाया**

एसआरएच के खिलाफ मैच में सीएसके को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य मिला था। संजू सैमसन का विकेट गिरने के बाद सीएसके की पारी के दूसरे ओवर में गुरजपनीत सिंह की जगह म्हात्रे एक इम्पैक्ट सब के तौर पर आए। 18 साल के म्हात्रे शानदार फॉर्म में दिखे और 13 गेंदों पर 30 रन की पारी खेली।

**रन लेने के दौरान खिंची हैमस्ट्रिंग**

पारी के दौरान पांचवें ओवर की दूसरी गेंद के बाद, दूसरा रन लेने की कोशिश में म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग खिंच गई। उन्होंने रन पूरा किया लेकिन दर्द से जमीन पर बैठ गए। फिजियो तुरंत दौड़कर आए। म्हात्रे ने मैदान से बाहर जाने के बजाय बल्लेबाजी करने का फैसला किया, और कुछ ही गेंदों के बाद अपना विकेट गंवा दिया।

### सीएसके के चोटिल खिलाड़ियों की लिस्ट

म्हात्रे सीएसके की इंजरी लिस्ट में सबसे नए नाम हैं, क्योंकि तेज गेंदबाज खलील अहमद और नाथन एलिस पहले ही चोट के कारण बाहर हो चुके हैं। पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और सीजन में एक भी मैच नहीं खेल सके हैं। उन्हें टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगी थी। सीएसके को इस मैच में 10 रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम की सीजन के चौथे मैच में छठी हार थी। अंकतालिका में सीएसके सातवें नंबर पर है।

# PCI ने कोच नवल सिंह को किया बर्खास्त

## सुमित अंतिल-नीरज चोपड़ा ने लगाए थे आरोप



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति ने कोच नवल सिंह को मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के आरोपों के बाद बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई सुमित अंतिल समेत कई एथलीट्स की शिकायत के बाद की गई, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पास दर्ज कराया गया था।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच नवल सिंह को उत्पीड़न के आरोपों के बाद पद से हटा दिया है। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने रविवार को इस फैसले की पुष्टि की। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता सुमित अंतिल ने कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाया था। इस मामले में उन्होंने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) से औपचारिक शिकायत भी की थी।

**सुमित अंतिल ने की थी शिकायत, नीरज का भी मिला था समर्थन**

सुमित अंतिल को इस मुद्दे पर टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का भी समर्थन मिला। शिकायत में देश के कई शीर्ष एथलीट्स ने भी हस्ताक्षर किए, जिसमें कोच पर बार-बार अपमानजनक भाषा और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए गए।

यह लिखित शिकायत 10 अप्रैल को साइ को सौंपी गई थी। सुमित अंतिल ने बताया कि उन्होंने पहले साइ अधिकारियों से इस मुद्दे पर बात की थी, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश भी की गई, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया।



**पीसीआई ने किया बर्खास्त**

नवल सिंह को पिछले साल द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह भारतीय जैवलिन थ्रो एथलीट्स को ट्रेनिंग देने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, लगातार शिकायतों के बाद पीसीआई बोर्ड ने उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया।

# बीसीसीआई ने एक साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट रीन्यू किया

## 2027 तक बने रहेंगे मुख्य चयनकर्ता

**मुंबई।** अजीत अगरकर का मुख्य चयनकर्ता के रूप में कार्यकाल एक साल और बढ़ गया है। शानदार प्रदर्शन और बड़े फैसलों के चलते बीसीसीआई ने उन पर भरोसा जताया है, ताकि 2027 वर्ल्ड कप की तैयारियां मजबूत बनी रहें।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई (BCCI) ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के कॉन्ट्रैक्ट को रीन्यू किया और इस तरह उनका कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ गया है। यह फैसला 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि टीम चयन में निरंतरता बनी रहे। हालांकि, अब से एक साल यानी जून 2027 तक के लिए उनके कार्यकाल का विस्तार हुआ है। अगले साल वनडे विश्वकप अक्तूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में होना है। ऐसे में अगरकर के कार्यकाल को तब भी विश्व कप तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। विश्व कप से ठीक पहले चयनकर्ता में बदलाव टीम के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



**शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम**

अगरकर की अगुआई में अक्तूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच भारतीय टीम ने चार आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल खेले, जिनमें से तीन में जीत हासिल की। इसमें दो टी20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी शामिल हैं। ऐसे में उनका कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू होना लगभग तय माना जा रहा था।

**बीसीसीआई के सूत्र का बयान**

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'अगरकर ने खुद एक्सटेंशन नहीं मांगा। चयनकर्ता अधिकतम चार साल तक काम कर सकता है, इसलिए उनका कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया नहीं बल्कि रीन्यू किया गया है।' सूत्रों के मुताबिक, अगरकर हमेशा चाहते थे कि उनका प्रदर्शन ही उनके भविष्य का फैसला करे।

### बड़े फैसलों से बदली टीम

अगरकर के कार्यकाल में चयन समिति ने कई अहम और साहसी फैसले लिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास को सिंपल तरीके से संभालने के साथ-साथ अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के तौर पर नए तेज गेंदबाजों को मौका देना शामिल है। इसके अलावा, टी20 वर्ल्ड कप में शुभमन गिल को बाहर कर फॉर्म में चल रहे ईशान किशन को मौका देना भी एक बड़ा और साहसी निर्णय रहा।

### 2027 वर्ल्ड कप पर फोकस

बीसीसीआई का मानना है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम में स्थिरता बेहद जरूरी है। अगरकर के बने रहने से चयन प्रक्रिया में निरंतरता बनी रहेगी और टीम को लंबी योजना के तहत तैयार किया जा सकेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ अगरकर की जुगलबंदी भी अभी तक शानदार रही है। हालांकि, टेस्ट में भारत को अपने घर में हार का मुंह देखना पड़ा है।

# मैच में 'काला जादू' स्टैंड्स में बैठे दर्शक ने बोला- छू और आउट हो गया सीएसके का बल्लेबाज

**हैदराबाद।** सीएसके और एसआरएच मैच के दौरान एक फैन का 'काला जादू' जैसा वीडियो वायरल हो गया, जिसमें उसके इशारे के साथ बल्लेबाज आउट होता दिखा। हालांकि यह महज संयोग माना जा रहा है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसने जमकर चर्चा बटोरी।

आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 10 रन से हराकर सीजन की तीसरी जीत दर्ज की। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने सभी को चौंका दिया है। इस मैच में मजाक मजाक में एक फैन 'काला जादू' जैसा कुछ करता दिखा और देखते ही देखते शिवम दुबे क्लीन बोल्ड हो गए।

**'काला जादू' के वीडियो ने मचाई हलचल:** मैच के दौरान एक अलग ही घटना ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी। स्टैंड में बैठे एक दर्शक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह 'काला जादू' करने जैसी एक्टिंग करता नजर आता है। वीडियो में दिखता है कि जैसे ही वह दर्शक 'छूङ्ङ' बोलकर इशारा करता है, उसी समय मैदान पर बल्लेबाजी कर रहा सीएसके का खिलाड़ी आउट हो जाता है। इसके बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस वीडियो को 'काला जादू का लाइव डेमो' बताकर शेयर करना शुरू कर दिया। इस वायरल वीडियो पर फैंस की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

कुछ लोग इसे मजेदार संयोग मान रहे हैं, तो कुछ इसे अंधविश्वास से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, क्रिकेट विशेषज्ञ इसे सिर्फ एक इत्तेफाक मान रहे हैं और खेल को इससे जोड़ने से बचने की सलाह दे रहे हैं।







### सीएसके को मिली हार

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएच ने 20 ओवर में 194 रन बनाए। टीम की ओर से अभिषेक शर्मा और हेनरिच क्लासेन ने 59-59 रन की शानदार पारियां खेलीं, जबकि सीएसके के गेंदबाज जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने कसी हुई गेंदबाजी की। 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 20 ओवर में 184 रन ही बना सकी और मुकाबला 10 रन से हार गई। बल्लेबाजों ने बीच के ओवरों में लय खो दी, जिससे टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और उन्हें सीजन की एक और हार का सामना करना पड़ा।

# क्यों रन नहीं बना पा रहे ऋतुराज गायकवाड़

## CSK के पूर्व क्रिकेटर अश्विन की नजर में यह है वजह



**चेन्नई।** ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल 2026 में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। अश्विन के मुताबिक, उनकी धीमी शुरूआत और शॉट सिलेक्शन में कमी इसका कारण है। दबाव और बदलती मैच परिस्थितियों ने भी असर डाला, जिससे सीएसके को नुकसान हो रहा है।

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवा दिया। सनराइजर्स ने शनिवार को खेले गए मैच में सीएसके को 10 रन से हराया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए जिसके जवाब में सीएसके आठ विकेट पर 184 रन ही बना पाया।

# पाकिस्तान सुपर लीग : नकवी की बड़ी फजीहत

## मुजरबानी विवाद से उनकी टी20 लीग पर फिर लगा दाग

**नई दिल्ली।** ब्लेसिंग मुजरबानी की पीआर एजेंसी ने साफ कहा है कि बिना अनुबंध के प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है, जिससे पीएसएल की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पाकिस्तान सुपर लीग एक बार फिर विवादों में है। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर लगाए गए दो साल के प्रतिबंध को लेकर नया मोड़ आ गया है। खिलाड़ी की पीआर एजेंसी ने साफ कहा है कि बिना अनुबंध के प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है, जिससे लीग की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मुजरबानी की एजेंसी ने बयान जारी कर पीएसएल के फैसले को चुनौती दी है। उनके मुताबिक, इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ सिर्फ बातचीत हुई थी, लेकिन कोई आधिकारिक अनुबंध साइन नहीं हुआ। ऐसे में अनुबंध उल्लंघन का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। एजेंसी ने इसे बेहद ज्यादा और गलत सजा बताया।

**एनओसी और कागजी प्रक्रिया में पीएसएल की बड़ी चूक:** एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी लीग में खेलने के लिए एनओसी जरूरी होता है, जो तभी मिलता है जब वैध कॉन्ट्रैक्ट मौजूद हो। चूंकि मुजरबानी को ऐसा कोई साइन किया हुआ कॉन्ट्रैक्ट मिला ही नहीं, इसलिए पूरी प्रक्रिया अधूरी थी। इस लापरवाही ने पीएसएल के प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी बीच आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के तौर पर साइन कर लिया। चूंकि कोई बाध्यकारी समझौता नहीं था, इसलिए मुजरबानी ने आईपीएल का ऑफर स्वीकार कर लिया और यहीं से पूरा विवाद खड़ा हो गया।



### पीएसएल से बैन हटाने की मांग

एजेंसी ने पीएसएल से अपील की है कि वह इस फैसले को सम्मानजनक तरीके से वापस लेह्व और अपनी गलती स्वीकार करे। इस पूरे मामले ने एक बार फिर दिखा दिया कि बिना ठोस आधार के लिए गए फैसले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लीग की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं।

### मैदान पर जवाब, चर विकेट लेकर दिखाया दम

ऑफ-फील्ड विवाद के बीच मुजरबानी ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। डेब्यू मैच में भले ही विकेट नहीं मिला, लेकिन अगले मुकाबले में चार विकेट लेकर उन्होंने अपनी काबिलियत साबित कर दी। इससे साफ है कि वह केकेआर के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

# रैंडी ओर्टन-कोडी रोड्स में कौन बना चैंपियन

## ब्रेकर ने सेथ रॉलिंस का किया बुरा हाल



**लॉस वेगस।** रेसलमेनिया 42 की नाइट 1 में कोडी रोड्स-रैंडी ओर्टन का जबरदस्त मुकाबला, पेज की वापसी और बियांका बेलैर की प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट जैसे बड़े सरप्राइज देखने को मिले। शानदार मुकाबलों और इमोशनल पलों से भरी यह रात फैंस के लिए यादगार बन गई।

रेसलिंग के सबसे बड़े मंच रेसलमेनिया के 42वें संस्करण का क्या धमाकेदार आगाज हुआ है। इवेंट के पहले दिन ने फैंस को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

लास वेगास के एलिगियेंट स्टेडियम में खेले गए इस इवेंट में 50 हजार से ज्यादा दर्शकों को कड़े मुकाबले, सरप्राइज रिटर्न और भावुक कर देने वाले पलों का जबरदस्त मेल देखने को मिला। इस रात ने साफ कर दिया कि डब्ल्यूडब्ल्यू में कुछ भी कभी भी हो सकता है। अभी रेसलमेनिया का दूसरा दिन बाकी है और इसका सबसे अहम मुकाबला डब्ल्यूडब्ल्यूई हेवीवेट चैंपियन सीएम पंक और ओटीसी यानी रोमन रेंस के बीच होना है।

**कोडी रोड्स की चौंकाने वाली हरकत**

अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई (WWE) टाइटल मैच में कोडी रोड्स फैंस के फेवरेट के तौर पर उतरे थे, लेकिन रिंग में उनका अंदाज बिल्कुल अलग था। उन्होंने मैच के दौरान नियमों को तोड़ते हुए पूरी तरह हील (विलेन) का रूप अपना लिया।

# लियोनल मेसी का डबल धमाका इंटर मियामी ने कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हराया

**डेनवर।** इंटर मियामी अब अगले मुकाबले में फिर से कोलोराडो रैपिड्स का सामना करने के लिए डेनवर का दौरा करेगा, जहां एक और रोमांचक भिड़ंत की उम्मीद की जा रही है।

लियोनल मेसी की कप्तानी में इंटर मियामी ने एक रोमांचक मुकाबले में कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हरा दिया। 75,824 दर्शकों की मौजूदगी में यह मैच एम्पावर फील्ड एट माइल हाई में खेला गया। मेजर लीग सॉकर के इतिहास की यह दूसरी सबसे बड़ी उपस्थिति थी। मियामी की जीत में कप्तान लियोनल मेसी की अहम भूमिका रही। मेसी ने दो गोल करते हुए टीम को जीत दिलायी।

मैच की शुरूआत से ही इंटर मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया। 18वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी के जरिए गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह इस सीजन में उनका छठा गोल था। पहले हाफ के अंत में, स्टॉपेज टाइम में जर्मन बटेर्राम ने शानदार हेडर के जरिए मियामी की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल में सिल्वेटी का सटीक क्रॉस अहम रहा, जो इस सीजन में उनका तीसरा असिस्ट था।



दूसरे हाफ में कोलोराडो रैपिड्स ने जोरदार वापसी की। 58वें मिनट में राफेल नवारो और 62वें मिनट में डैरेन यापी ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका था और दोनों टीमें जीत के लिए संघर्ष कर रही थीं। हालांकि, 79वें मिनट में मेसी ने एक बार फिर अपना जादू दिखाया। उन्होंने रोद्रिगो डी पॉल के पास पर शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के ऊपरी कोने में पहुंचाया, जबकि डी पॉल का तीसरा असिस्ट रहा।

मैच में अंत तक इंटर मियामी ने अपनी बढ़त बनाए रखी और 3-2 से जीत हासिल कर तीन अहम अंक अपने नाम किए। इस जीत के साथ टीम ने सीजन में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है, जहां अब तक वह तीन जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 13 अंक हासिल कर चुकी है। इंटर मियामी अब अगले मुकाबले में फिर से कोलोराडो रैपिड्स का सामना करने के लिए डेनवर का दौरा करेगा, जहां एक और रोमांचक भिड़ंत की उम्मीद की जा रही है।

# कहां फिसला चेन्नई सुपर किंग्स के हाथ से मैच

**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स को सनराइजर्स हैदराबाद से 10 रन से हार मिली। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने साझेदारी की कमी को हार की वजह बताया। एसआरएच के 194 रन के जवाब में सीएसके 184 तक ही पहुंच सकी, जबकि गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। आईपीएल 2026 के 27वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 10 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीजन की चौथी हार से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ काफी निराश नजर आए। उन्होंने कहा कि टीम के बल्लेबाज अहम समय पर साझेदारियां बनाने में नाकाम रहे, जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। एसआरएच के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान ऋतुराज ने कहा, 'जिस तरह से उनका (एसआरएच) पावरप्ले चला, उसे देखकर मुझे लग रहा था कि स्कोर 220-230 के आसपास जाएगा।

# कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़ी राहत, मथीशा पथिराना टीम से जुड़े

## जीत की तलाश में बनेंगे नई उम्मीद

**कोलकाता।** मथीशा पथिराना के ङङफ से जुड़ने से टीम को बड़ा बूस्ट मिला है। चोट से उबरकर आए इस तेज गेंदबाज से टीम को काफी उम्मीदें हैं, हालांकि उनकी प्लेइंग कमें वापसी फिटनेस पर निर्भर करेगी।

आईपीएल 2026 में खराब दौर से गुजर रही कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राहत भरी खबर आई है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार टीम से जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने इस बात की पुष्टि की, जिससे टीम को मौजूदा कठिन समय में बड़ा सहारा मिला है।

**फिटनेस क्लियर कर टीम से जुड़े:** पथिराना टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लगी पिंडली की चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल हुए हैं। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा अनिवार्य फिटनेस टेस्ट पास किया और इसके बाद उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिला। इसके बाद ही वह ङङफ के स्क्वॉड से जुड़ सके।

**तुरंत प्लेइंग-11 में मौका मुश्किल:** हालांकि, पथिराना के तुरंत प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की संभावना कम है। टीम मैनेजमेंट पहले उनकी मैच फिटनेस को परखना चाहता है। इसके लिए उन्हें कुछ ट्रेनिंग सेशन दिए जाएंगे, जिसके बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।



**महंगे खिलाड़ी से बड़ी उम्मीदें**

केकेआर ने पिछले आईपीएल ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनकी अनोखी 'स्लिंग एक्शन' गेंदबाजी और डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर डालने की क्षमता उन्हें बेहद खास बनाती है। ऐसे में टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं, खासकर जब गेंदबाजी यूनिट दबाव में नजर आ रही है।

**जीत की तलाश में केकेआर**

केकेआर का इस सीजन अब तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टीम छह मैच खेल चुकी है, लेकिन अभी तक एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है और पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे बनी हुई है।

ऐसे में पथिराना का आना टीम के लिए नई उम्मीद लेकर आया है।

**अगले मैच पर नजर**

पथिराना ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम को जॉइन किया है। फैंस को उम्मीद है कि उनकी मौजूदगी से टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा और केकेआर जीत का खाता खोल सकेगी।

# गाजियाबाद आसपास




# श्रीरामकथा में उमड़ा जनसैलाब, पांचवें दिन श्रीराम की बाल लीलाओं से भक्त हुए भावविभोर







**लोनी करंट क्राइम।** रामपार्क स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के समक्ष आयोजित श्रीरामकथा के पांचवें दिन भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं एवं भगवान परशुराम से जुड़े प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण एवं दिव्य वर्णन किया गया। कथा स्थल पर ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए। भारी भीड़ के चलते पंडाल छोटा पड़ गया और आयोजन स्थल पर अभूतपूर्व जनसैलाब देखने को मिला।

## सनातन संस्कृति से जोड़ते हैं ऐसे आयोजन



**करंट क्राइम।** पंकज सिंह, नोएडा विधायक एवं भाजपा उपाध्यक्ष ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को अपनी जड़ों और सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने लोनी में हो रही इस भव्य श्रीरामकथा के लिए विधायक नंदकिशोर गुर्जर को बधाई दी और कलश यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए इसकी व्यापक जनभागीदारी की सराहना की।

## मर्यादा और धर्म की रक्षा का संदेश देती हैं लीलाएं



**करंट क्राइम।** नंदकिशोर गुर्जर, विधायक लोनी ने कहा कि श्रीराम की बाल लीलाएं हमें मयार्दा, विनम्रता और आदर्श जीवन का संदेश देती हैं, जबकि भगवान परशुराम का प्रसंग धर्म की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि लोनी की पावन धरा पर उमड़ा यह जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि सनातन संस्कृति आज भी जन-जन के हृदय में जीवंत है। कुल मिलाकर, श्रीरामकथा का यह आयोजन सामाजिक एकता, आस्था और संस्कारों को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम बनता नजर आ रहा है।

## सोसाइटी के लोगों ने मशाल और कैंडल मार्च निकालकर जताया विरोध

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित प्लॉट नंबर सात में बनी गार्डेनिया सोसाइटी में निवासियों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोसाइटी के लोगों का आरोप है कि बिल्डर ने सोसाइटी में काम अधूरे छोड़ दिए है। इसके विरोध में लोगों ने रविवार को मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया।

सोसाइटी निवासियों के अनुसार, करीब ढ़ाई सौ फ्लैट में लगभग एक हजार लोग रह रहे हैं। फ्लैट की कीमत भी एक करोड़ रुपये से अधिक भी है। सोसाइटी के लोगों का आरोप है कि कुछ वर्षों में ही फ्लैट का प्लास्टर झड़ने लगा है। निर्बाध और शुद्ध जल की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। आग से बचाव की उचित व्यवस्था नहीं है। सोसाइटी निवासी लोकेश सिंह ने बताया कि बिल्डर पीछे 10 वर्षों से सिर्फ झूठे वादे कर रहा है।




### किस विधानसभा में आयेगा नगरपालिका से ट्रांसफर होकर टिकट

सियासत तेजी से करवट बदल रही है और प्रमोशन वाला सीन चल रहा है। जो हाशिये पर थे वो मुख्य धारा में आ गये है। सियासत का कमाल कमल वालों की नगरी में दिख रहा है। जिस टिकट पर सबसे ज्यादा सस्पेंस था उस टिकट को लोंग डिस्टेंस पर कर दिया गया है। ध्वज प्रणाम वालों के यहां चर्चायें शुरू हो गयी हैं और अगर कोई बात चल रही है तो ये माना जाता है कि कुछ तो आग है जो ये धुंआ उठ रहा है। वैसे भी ध्वज प्रणाम वाले किसी भूमिका को महीनों पहले बांध लेते हैं। बताया जा रहा है कि एक नगरपालिका से चलकर एक विधानसभा में टिकट आ रहा है। कोई चेहरा है जो इस टिकट के निकट हो गया है। कलेंडर के पन्ने पलटेंगे तो पता चलेगा कि उनके घर पर किसी बड़े चेहरे का विजिट हो गया है। खूबसूरती किस्से की ये है कि समीकरण वाला कॉलम भी पूरा होगा और जिस चेहरे को नहीं देने तो उसे दूर रखने का भी काम होगा। बताते हैं कि ये चेहरा काफी सौम्य है और फिलहाल पहले दौर में मामला है, लेकिन जो खुद को विधायक मानकर चल रहे हैं वो अलर्ट मोड पर रहें क्योंकि राजनीति का पहिया पहले भी यहां तेजी से घूमा है और एक बार फिर सियासत टर्न लेगी।

### दरोगा जी ने क्यों उठा कर रख ली मुर्गे की हड्डी उठाकर जेब में

वैसे तो दरोगा जी का काम सबूत जुटाने का है। तभी तो वो बतायेंगे कि फलाने को क्यों पकड़ा है। लेकिन पता नहीं क्या वजह थी कि दरोगा जी ने अराधना स्थल पहुंचकर मुर्गे की हड्डी उठाकर पहले जेब में रख ली। फटे पीपल वाले स्थल के पास दूसरी प्रेयर वालों की भी जगह है। किसी ने इंफोरमेशन दी कि उनके वाले मौहल्ले में जाल के बाहर हडडी है। सूचना मिलते ही भक्तों से पहले दरोगा जी पहुंचे। दरोगा जी बहुत ही समझदार थे और उन्होंने सबसे पहले सबूत जेब में रख लिया। जिंदा मुर्गा हो तो शोर भी मचाये मगर हडडी है चुपचाप रह गयी। इसके बाद बहुत देर तक दरोगा जी प्रेयर वालों के उस कमरे में रहे जहां सीसीटीवी की फुटेज देखी जा सकती है। इतनी देर अंदर रहे हैं तो कुछ तो शांति प्रयास हुए ही हैं। कमाल ये है कि भनक उन नेताओं को भी नहीं लगी जो अपडेट रहत हैं। बता भी दिया गया कि देखों बंदर रोटी खा रहा है तो इसके हाथ से भी रोटी गिर सकती है तो कुछ ऐसा ही हुआ होगा।

### जब भाजपा पार्षद जी को दरोगा ने ही काम बता दिया

वो दौर था जब सरकार वाले नताओं की टोर ही अलग थी। ये दौर है जहां विधायक पांच लेटर लिखते हैं। सरकारी ईमारतों के रिनोवेशन के लिए डायरेक्ट डिमांड हो रही है। सितम तो ये है कि अब सरकार वालों को सीधे दरोगा भी काम बता रहे हैं। भाजपा के पार्षद को दरोगा जी ने फोन मिला दिया। हैलो के बाद पार्षद जी ने दरोगा जी को टाल दिया, लेकिन सवाल ये था कि पार्षद आखिर स्पष्ट रूप से इंकार क्यों नहीं कर सके। पार्षद जी का दर्द छलका और उन्होंने कहा कि अपनी चौकी में टॉयलेट बनवाने के लिए दरोगा जी मुझे फोन मिला रहे हैं। सरकार का नेता इतना कमजोर कि सीधे ना दरोगा जी को मना कर पा रहा है और ना किसी बड़े अधिकारी को ये बात बता पा रहा है।

# वार्ड-78 में आस्था सोसाइटी में सड़क नवीनीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 78, शालीमार गार्डन प्रथम स्थित आस्था सोसाइटी के मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोसाइटी की आंतरिक सड़क के नवीनीकरण कार्य का भव्य उद्घाटन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन सड़क सुधार कार्य का उद्घाटन गाजियाबाद के निवर्तमान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्षेत्रीय पार्षद ओमवती देवी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पप्पू पहलवान ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाना प्रशासन और संगठन की प्राथमिकता है।

स्थानीय निवासियों ने विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। लोगों का कहना है कि पार्षद और संगठन के सक्रिय सहयोग से वार्ड में लंबे समय से लंबित विकास कार्य अब गति पकड़ रहे हैं।

जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष भूपेंद्र गोस्वामी, डी.एन. कॉल, इंद्रजीत, कुलदीप मेहरा और सुमन सती मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही भूषण लाल टिंगलू, सुनील रैना, नंदा, स्वप्निल, संजय श्रीवास्तव, जगदीश सती आदि लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं ने विपक्ष का पुतला फूंका



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** महिला आरक्षण संशोधन बिल के माध्यम से देश की माताओं-बहनों को 33 प्रतिशत अधिकार दिलाने की जो उम्मीद जगी थी, वह इस बार पूरी न हो सकी, और इसकी पीड़ा हर महिला के चेहरे पर साफ नजर आई। यह सिर्फ एक बिल नहीं था, बल्कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। उक्त वक्तव्य स्थानीय ग्राम भोजपुर की महिलाओं ने व्यक्त किये।

आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने संबोधन में इस विषय पर गहरी संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने महिलाओं की भावनाओं, उनके संघर्ष और उनकी उम्मीदों को समझते हुए इस स्थिति पर दुख व्यक्त किया। जो यह दर्शाता है कि सरकार की मंशा स्पष्ट और नारी शक्ति के साथ है। लेकिन संसद में आवश्यक समर्थन न मिल पाने के कारण यह ऐतिहासिक अवसर अधूरा रह गया। विपक्ष का रवैया एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मंचों पर महिला सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें, लेकिन संसद में समर्थन देने से पीछे हटना, उनकी दोहरी सोच को उजागर करता है। इसी आक्रोश और निराशा के चलते ब्लॉक भोजपुर में महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने विरोध स्वरूप विपक्ष के पुतले को चप्पलों से पीटा और आग के हवाले कर दिया। यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए उठी बुलंद आवाज थी।

## भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** नगर पंचायत निवाड़ी में रविवार को विधिवत तरीके से भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। परंपरा और सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए, प्रतिमा का अनावरण नगर के वरिष्ठ बुजुर्गों द्वारा किया गया। उपस्थित जनसमूह ने भगवान परशुराम की जय के उद्घोष से आकाश गुंजा दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बुजुर्गों द्वारा अनावरण कराया जाना समाज के लिए एकता और मार्गदर्शन का प्रतीक है। बैंड बाजों की मधुर धुन और भक्ति गीतों पर जमकर श्रद्धालु झूमते रहें और पुष्प वर्षा भी की गई। साथ ही शोभा यात्रा के समापन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सुख शांति की कामना और भगवान परशुराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है।

# इंदिरापुरम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम स्थित सनराइज ग्रीन्स में रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, सीबीसी, फेफड़ों की जांच, डेंटल और आंखों की जांच सहित कई स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही फिजिशियन, आर्थोपेडिक और फिजियोथेरेपी परामर्श भी दिया गया।

महिलाओं के लिए विशेष रूप से कैंसर जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही, जिससे काफी संख्या में लाभार्थी जुड़ीं। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस पहल को सराहनीय बताया। यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर संगोष्ठी आयोजित





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा महानगर गाजियाबाद के नेतृत्व में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि पार्क में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी रही और धार्मिक-सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद राकेश त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री पंकज भारद्वाज और उपाध्यक्ष राजन आर्य वाल्मीकि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा गाजियाबाद महानगर के नेतृत्व में शक्ति जीनवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और उनके जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला गया।

अपने संबोधन में राकेश त्यागी ने कहा कि भगवान परशुराम सनातन धर्म की महत्वपूर्ण पहचान हैं और उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने पृथ्वी से अधर्म का नाश कर धर्म और न्याय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा सभी को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने कहा कि वाल्मीकि समाज सनातन परंपराओं का सम्मान करने वाला समाज है और इन्हें आगे बढ़ाना अपना धर्म मानता है।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सनातन संस्कृति की आधारशिला है और समाज को इन मूल्यों को संरक्षित रखना चाहिए। इस अवसर पर नीरज वाल्मीकि, शनि वाल्मीकि, अमित राष्ट्रवादी, अमित, सीमा वाल्मीकि, मीना गांधी, विनीता पाल, जॉनी वाल्मीकि, प्रवेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित रही और सभी ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की।

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मना



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, कहा विशाल भंडारों का आयोजन तो कही शोभायात्रा व हवन आदि किये गयें। रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान परशुराम की धर्मशाला में हवन व उनकी प्रतिमा पर मल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, चैयरमैन निवोक हॉस्पिटल अमित शर्मा रहें। सुदेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, जिसके चलते आज के दिन हर वर्ष परशुराम जयंती मनाई जाती है। हिंदू धर्म और शास्त्रों में अक्षय तृतीया को बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। भगवान विष्णु ने धरती पर बढ़ते अधर्म को नाश करने के लिए परशुराम के रूप में अवतार लिया था। धर्म के रक्षा के लिए भगवान परशुराम ने अधर्म करने वाले राजाओं के वंश का नाश किया था। इस मौके पर अनूप दीक्षित ने कहा की हमें संघटित होना पड़ेगा और ब्राह्मण को स्वाभिमानी होना चाहिए, हमें अपने बच्चें को अस्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा देनी चाहिए अमित शर्मा ने कहा कि जब-जब हमारे समाज ने एकता दिखाई है, बड़ी से बड़ी सता बदल गयी इस मौके पर हरिओम शर्मा, राकेश सरासवत, संजीव शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, नीरज शर्मा, अमित शर्मा, विनेश शर्मा, रजत शर्मा, आदि मौजूद रहें। इसके अलावा दिल्ली-मेरठ मुख्य मार्ग पर परशुराम शोभायात्रा निकाली गई व कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया।

# वसुंधरा में जयघोष के साथ निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अक्षय तृतीया के अवसर पर वसुंधरा में 'ब्राह्मण परिवार उत्थान संस्था' द्वारा भगवान परशुराम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और भगवान परशुराम के जयकारों से गूँज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शिरकत की।

आकर्षक झांकियों ने मोहा मन शोभायात्रा में शामिल मनमोहक झांकियों ने वसुंधरा वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वसमाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता हैं, उनका जीवन हमें न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। संस्था के मार्गदर्शक डॉ. बी.के. शर्मा, संयोजक डॉ. के.के. वशिष्ठ और अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महासचिव अशोक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, और कोषाध्यक्ष गिरीश शर्मा सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। पार्षद प्रतिमा शर्मा, पंडित विद्यानिधि मिश्र, पुनीत पीयूष भट्ट, राजेंद्र त्रिपाठी और योगेंद्र शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने शोभायात्रा की व्यवस्था संभाली। भंडारे के साथ हुआ समापन शोभायात्रा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण वसुंधरा के सर्व-समाज ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देना है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ओम नम: शिवाय सेवा समिति ने भगवान श्री परशुराम जयंती उत्सव मनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमित त्यागी, कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा, विनय सिंघल, कार्यक्रम संयोजक रोहन भारद्वाज , दीपक शर्मा, हनु शर्मा, रमन शर्मा, आलोक कौशिक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया पर शारदा ज्वेलर्स पर खूब हुई खरीदारी , लोगों ने जताया विश्वास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर इस बार बाजारों में रौनक देखने को मिली। हालांकि, पिछले कुछ समय से सोने और चांदी की कीमतों में हुई रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि ने खरीदारों के व्यवहार में बड़ा बदलाव किया है।

हल्की ज्वेलरी को प्राथमिकता ट्रांस हिंडन पार सरार्फा व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष नकुल वर्मा ने बताया कि कीमतों में 'ताबड़तोड़' उछाल के कारण इस बार ग्राहकों का रुझान भारी आभूषणों के बजाय हल्की ज्वेलरी और छोटे सिक्कों की तरफ अधिक रहा। मध्यम वर्ग ने शगुन के तौर पर चांदी के सिक्के, पायल और बिछुए जैसे सामानों की जमकर खरीदारी की। वैश्विक तनाव का असर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण निवेशक और आम जनता भारी ज्वेलरी पर मोटा पैसा खर्च करने से बच रही है। लोग भविष्य की अनिश्चितताओं को देखते हुए बजट के भीतर ही खरीदारी करना बेहतर समझ रहे हैं। बाजार में उमड़ी भीड़ कीमतों की चुनौती के बावजूद, अक्षय तृतीया पर खरीदारी को शुभ मानने की परंपरा हावी रही। सराफा बाजार में सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक भीड़ रही। व्यापारियों का कहना है कि कम वजन वाली ज्वेलरी और चांदी के आर्टिकल्स की मांग ने बाजार को संभाले रखा, जिससे कारोबार में गति बनी रही।

## पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर रामपार्क में श्रीराम कथा का आयोजन करा रहे हैं। नोएडा विधायक पंकज सिंह रामकथा में पहुंचे और यहां उन्होंने कथा श्रवण किया और कथा वाचक अतुल कृष्ण महाराज का आशीर्वाद लिया। नोएडा विधायक पंकज सिंह ने इस एतिहासिक आयोजन के लिए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को शुभकामनायें दी। नोएडा विधायक ने इस आयोजन की अपनी भागीदारी को फेसबुक पोस्ट भी बनाया। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान का बड़ा दावा: अब तक 180 ड्रोन मार गिराए

## F-35 को भी बनाया निशाना, सैन्य ताकत पर दुनिया को दिया संदेश

**तेहरान।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने दावा किया है कि ईरान की सेना ने लगभग 180 ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया है और एक अमेरिकी ऋ35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाया है।

ईरान ने एक बार फिर अपनी सैन्य क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि उनके बलों ने करीब 180 ड्रोन को निष्क्रिय किया और अमेरिकी ऋ35 स्टेल्थ फाइटर जेट को भी निशाना बनाया। उन्होंने इसे कोई एक बार की घटना नहीं बताते हुए कहा कि यह ईरान की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता का उदाहरण है। ईरान की समाचार एजेंसी के अनुसार गालिबफ ने यह बयान वाशिंगटन के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता की वर्तमान स्थिति पर अधिकारियों को जानकारी देते हुए दिया।



**सीजफायर पर भी अलग नजरिया**

ईरानी स्पीकर ने हालिया युद्धविराम को लेकर कहा कि यह ईरान की रणनीतिक जीत का परिणाम है, जबकि अमेरिका ने इसे अलग नजरिए से स्वीकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने उद्देश्यों जैसे शासन परिवर्तन या ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म करनामें सफल नहीं हो पाया।

### ड्रोन हमलों को लेकर भी बड़ा दावा

ईरान ने दावा किया कि उसने अमेरिका और उसके सहयोगियों से जुड़े लगभग 180 ड्रोन को भी मार गिराया। इससे पहले भी ईरान कई बार बड़ी संख्या में ड्रोन इंटरसेप्ट करने की बात कह चुका है। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में ड्रोन और एयर ऑपरेशन युद्ध का अहम हिस्सा बन चुके हैं। गालिबाफ ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में कुछ मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन कई बड़े मतभेद अभी भी बाकी हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी देशों का दबाव काम नहीं आया, जिसके बाद अब बातचीत का रास्ता अपनाया जा रहा है।

### 'F-35 पर हमला कोई संयोग नहीं'

गालिबाफ ने कहा कि F-35 जैसे आधुनिक फाइटर जेट को निशाना बनाना दिखाता है कि ईरान रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, यह कार्रवाई कई स्तरों पर योजनाबद्ध थी। हालांकि, ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पहले भी अमेरिका इन दावों को खारिज करता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में यह जरूर सामने आया था कि एक अमेरिकी ऋ-35 को मिशन के दौरान नुकसान पहुंचा और उसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी।

# इटली में बैसाखी के दौरान गोली मारकर दो भारतीयों की हत्या, कार से फरार हुआ हमलावर

**रोम।** इटली के बगामी प्रांत में वैसाखी कार्यक्रम के दौरान दो भारतीय नागरिकों रागिंदर सिंह और गुरमीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे गुरुद्वारे के पास एक वेयरहाउस से निकल रहे थे। हमलावर अचानक फायरिंग कर कार से फरार हो गया। पुलिस इसे सुनियोजित हत्या मानकर जांच कर रही है।

इटली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बगामी प्रांत के कोवो इलाके में हुई। जानकारी के अनुसार, यह हमला शुक्रवार रात हुआ। दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और वैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। यह जगह गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के पास स्थित है।



बता दें कि मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, हमलावर अचानक वहां पहुंचा और दोनों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद वह कार से मौके से फरार हो गया। पुलिस का मानना है कि यह कोई अचानक हुआ झगड़ा नहीं था, बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है।

**घटनास्थल से मिले 10 खाली कारतूस:** जानकारी के अनुसार घटनास्थल से लगभग 10 खाली कारतूस भी बरामद किए गए हैं, जिससे साफ है कि हमलावर ने कई गोलियां चलाईं। दूसरी ओर एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, हमलावर भी भारतीय मूल का बताया जा रहा है और वह भी उसी गुरुद्वारे में आता-जाता था। इतना ही नहीं बताया गया है कि गोलीबारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति भी हल्के रूप से घायल हुआ है।

इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है, खासकर इसलिए क्योंकि अगले दिन वैसाखी के लिए बड़ा धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होने वाला था, जिसमें स्थानीय प्रशासन और समुदाय के लोग शामिल होने वाले थे।

# ट्रंप ने खुद खोली मैकडॉनल्ड्स स्टंट की पोल

## कहा- जीतने के लिए करना पड़ता है ये सब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी चर्चित 'नो टैक्स ऑन टिप्स' नीति की पहली सालगिरह पर व्हाइट हाउस में मैकडॉनल्ड्स का बर्गर मंगवाकर एक नया सियासी ड्रामा रचा। हालांकि, चंद दिनों बाद ही खुद ट्रंप ने इस स्टंट को ओछा और शर्मनाक बता दिया है।



अमेरिकी राजनीति में प्रतीकवाद कोई नई बात नहीं है, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है। अपनी सरकार की 'नो टैक्स ऑन टिप्स' यानी बख्शिश पर टैक्स नहीं नीति का एक साल पूरा होने का जश्न मनाने के लिए ट्रंप ने ओवल ऑफिस में मैकडॉनल्ड्स के बर्गर मंगाए। खास बात यह रही कि यह डिलीवरी किसी आम राइडर ने नहीं, बल्कि अर्कांसस से आईं उनकी कट्टर समर्थक और डोरडैश ड्राइवर शेरोन सिमंस ने की।

**'जीत के लिए करना पड़ता है यह सब'**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि राजनीति में हमें ऐसी चीजें करनी पड़ती हैं, ये थोड़ी शर्मनाक होती हैं। थोड़ी बहुत नहीं, बल्कि अच्छी-खासी शर्मनाक, लेकिन हम ये करते हैं और फिर भारी बहुमत से जीतते भी हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि ओवल ऑफिस में शेरोन का आकर बर्गर देना थोड़ा 'टैकी' यानी ओछा था, लेकिन चुनावी कैंपेन की रणनीति में ऐसे पागलपन की जरूरत होती है।

**ट्रंप ने पुराने स्टंट्स की दिलाई याद**

ट्रंप ने इस दौरान 2024 के अपने चुनावी स्टंट्स का भी जिक्र किया। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मैकडॉनल्ड्स के आउटलेट पर फ्रेंच फ्राइज तलने और सेफ्टी वेस्ट पहनकर कचरा ढोने वाली गाड़ी में बैठने को लेकर चर्चा में थे। उन्होंने कहा कि भले ही ये चीजें देखने में अजीब लगें, लेकिन मतदाताओं के बीच अपनी बात पहुंचाने का यह सबसे कारगर तरीका है।

# ईरानी गोलीबारी पर भारतीय जहाज के कैप्टन ने लगाई फटकार

**तेहरान।** होर्मुज में ईरान की कार्रवाई ने समुद्री व्यापार को हिला दिया है। पहले जहाजों को रास्ता देने के संकेत, फिर अचानक यू-टर्न लेकर बंदी का एलान और उसके बाद गोलीबारी, इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक स्तर पर सनसनी फैला दी है। ऐसे में सबसे बड़ा धमाका उस वायरल ऑडियो ने किया है, जिसमें भारतीय जहाज के कप्तान ने गोलीबारी से नाराज होकर ईरानी नेवी को लताड़ा। आइए जानते हैं।



पश्चिम एशिया में तनाव अब खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इसका सीधा असर समुद्री रास्तों पर दिखने लगा है। ईरान की नौसेना द्वारा स्टेट ऑफ होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग की घटना ने हालात को और भड़का दिया है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है। इसी बीच इस मामले में सामने आए एक ऑडियो क्लिप ने इस पूरे मामले को और गर्म कर दिया है।

पूरी बात को ऐसे समझिए कि संकट के बीच जब होर्मुज का रास्ता खुला तब वहां के कई सारे जहाज गुजरने लगे, लेकिन फिर अचानक से ईरान ने यू-टर्न लेते हुए होर्मुज बंद करने का फैसला किया। इतना ही नहीं रास्ते में मौजूद सभी जहाजों को बलपूर्वक रोकने भी लगे। इसी क्रम में भारत के दो जहाज को भी रोका और फिर ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) की तरफ से जहाज पर गोलीबारी करने की भी बात कही गई, जिसके बाद से भारत में इस बात को लेकर खूब चर्चा चल रही है।

### अचानक गोलीबारी और फिर जहाज के कप्तान का गुस्सा फूटा

अब इस मामले में नया मोड़ तब सामने आया, जब भारतीय सुपरटैंकर 'सनमार हेराल्ड' इराक से करीब 20 लाख बैरल तेल लेकर गुजर रहा था। तभी अचानक ईरानी गनबोट्स ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। अब इस दौरान एक ऑडियो खूब सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि ये ऑडियो जहाज के कप्तान का है। ऑडियो में गोलीबारी से नाराज कप्तान को ईरानी नेवी को फटकार लगाते हुए सुना जा सकता है।

### ईरान की चेतावनी से और बढ़ी चिंता

दूसरी ओर बिगड़ते हालात को ऐसे समझिए कि संकट के बीच हालात तब और बिगड़ गए जब ईरान की ओर से एक रेडियो संदेश में साफ कहा गया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अब पूरी तरह बंद कर दिया गया है। चेतावनी दी गई कि अब कोई भी जहाज यहां से नहीं गुजर सकता। इसके बाद इलाके में जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई। इस घटना पर भारत ने सख्त रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने ईरानी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और भारतीय जहाजों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

हालांकि राहत की बात यह है कि सनमार हेराल्ड के सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। शिपिंग महानिदेशालय लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में मौजूद अन्य भारतीय जहाजों की सुरक्षा के लिए भी कदम उठा रहा है।

### 'अचानक से क्यों किया गया हमला'

सामने आए ऑडियो क्लिप में जहाज के कप्तान गुस्से में ईरानी नेवी के अधिकारी से कहते हैं कि पहले हमें जब रास्ता देने की अनुमति दी गई थी, फिर अचानक से ये हमला क्यों किया गया? कप्तान ने ऑडियो में इस बात पर भी जोर दिया कि वहां गुजरने के जब जहाजों को हरी झंडी दिखाया गया था, उस सूची में हमारा जहाज दूसरे नंबर पर था। बता दें कि इस घटना की पुष्टि यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी की है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की आईआरजीसी से जुड़े गनबोट्स ने इस हमले को अंजाम दिया।

# वैश्विक तेल आपूर्ति पर फिर खतरे की आहट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव फिर भड़क उठा है, जब ईरान ने युद्धविराम के बाद खोले गए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा बंद करने का एलान किया। एसएनएससी ने कहा कि स्थायी शांति तक नियंत्रण जारी रहेगा। वहीं सैन्य कमान ने अमेरिका की नाकेबंदी को कारण बताते हुए सख्ती बढ़ाई, जिससे वैश्विक तेल और व्यापार आपूर्ति पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

पश्चिम एशिया एक बार फिर विस्फोटक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां पहले से कमजोर पड़ा तनाव अब फिर भड़क उठा है।

युद्धविराम के बाद जब हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की घोषणा हुई थी, तो वैश्विक बाजार और ऊर्जा आपूर्ति ने राहत की सांस ली थी। लेकिन अब ईरान ने अचानक पलटवार करते हुए इस रणनीतिक समुद्री मार्ग को फिर बंद करने का एलान कर दिया है, जिससे पूरी दुनिया में चिंता और हड़कंप मच गया है।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भारत दौरे पर, पीएम मोदी के साथ बैठक



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग भारत दौरे के लिए रवाना हो गए है। वे नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर ऊर्जा सप्लाई, अक् रक्षा और समुद्री सहयोग पर चर्चा करेंगे। यह बैठक सप्लाई चेन संकट से निपटने और दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार को भारत दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव की वजह से वैश्विक ऊर्जा बाजार और सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ा हुआ है। राष्ट्रपति ली आज नई दिल्ली पहुंचेंगे और सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अहम बैठक करेंगे। यह दोनों नेताओं की हाल के समय में तीसरी आमने-सामने की मुलाकात होगी, इससे पहले वे ऋ7 और ऋ20 जैसे बड़े मंचों पर मिल चुके हैं।

### बिजनेस फोरम में भी लें सकते हैं हिस्सा

बता दें कि भारत में अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति ली एक बिजनेस फोरम में भी हिस्सा ले सकते हैं, जहां वे कोरियाई कंपनियों के लिए नए निवेश और व्यापार के अवसर तलाशेंगे। भारत को अब मैन्युफैक्चरिंग हब माना जाता है।

### भारत के बाद जाएंगे वियतनाम

भारत दौरे के बाद राष्ट्रपति ली हनोई (वियतनाम) जाएंगे। वहां वे वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान ऊर्जा सप्लाई, जरूरी खनिज (मिनरल्स) और आर्थिक सहयोग जैसे मुद्दों पर बातचीत होगी। यह ली का वियतनाम का पहला आधिकारिक दौरा होगा और नई सरकार बनने के बाद किसी विदेशी नेता का पहला बड़ा दौरा भी माना जा रहा है। इस पूरे दौरे का मकसद तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के साथ रिश्तों को मजबूत करना और दक्षिण कोरिया की वैश्विक कूटनीतिक पहुंच को बढ़ाना है।

# ईरान ने ऑडियो संदेश जारी कर ट्रंप को चिढ़ाया, कहा- रास्ता बंद है

**प्रिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण दक्षिण अफ्रीका में स्थित ईरानी दूतावास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सोशल मीडिया के जरिए तीखा हमला किया है। एक वायरल समुद्री ऑडियो क्लिप को लेकर दूतावास ने ट्रंप को निशाना बनाते हुए विवाद खड़ा कर दिया। यह पूरा मामला उस कथित ऑडियो के सामने आने के बाद शुरू हुआ, जिसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स की नौसेना का रेडियो संदेश बताया जा रहा है।




**दक्षिण अफ्रीका में स्थित ईरानी दूतावास ने एक वायरल ऑडियो क्लिप का हवाला देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'इडियट' कहा है।**

इस ऑडियो में 'इडियट' शब्द सुनाई देता है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे किए गए। कुछ लोगों ने इसे ईरान के विदेश मंत्री के लिए बताया, लेकिन ईरानी दूतावास ने इन दावों को खारिज कर दिया। प्रिटोरिया स्थित ईरानी मिशन ने ट्रंप को 'इडियट' करार दिया है। दूतावास ने दावा किया कि वायरल मैसेज में इस्तेमाल किया गया शब्द ट्रंप के लिए था, न कि ईरान के किसी अधिकारी के लिए।

**होर्मुज जलडमरूमध्य पर सख्त नियंत्रण का दावा:** वायरल ऑडियो में आईआरजीसी नौसेना की ओर से जहाजों को चेतावनी दी गई है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह ईरान के नियंत्रण में है। समुद्री चैनल 16 पर जारी संदेश में कहा गया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग को खोलने का फैसला केवल ईरान के शीर्ष नेतृत्व के आदेश से होगा, किसी बाहरी दबाव से नहीं। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि जो जहाज इस मार्ग से गुजरना चाहते हैं, उन्हें ईरानी नौसेना से अनुमति लेनी होगी।

**नियम तोड़ने पर सैन्य कार्रवाई की चेतावनी:** आईआरजीसी ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि कोई जहाज बिना अनुमति जलडमरूमध्य पार करने की कोशिश करता है, तो उसे निशाना बनाया जा सकता है। खासतौर पर उन जहाजों को लेकर चेतावनी दी गई है, जिनका संबंध ईरान के विरोधी देशों से है।

**अमेरिका पर समझौता तोड़ने का आरोप:** ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने युद्धविराम की शर्तों का पालन नहीं किया और ईरानी जहाजों व बंदरगाहों पर लगी पाबंदियां नहीं हटाईं। इसी के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले ईरान ने सीमित तौर पर गैर-सैन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी, लेकिन अब यह व्यवस्था भी समाप्त कर दी गई है।

**अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर बढ़ा खतरा:** जलडमरूमध्य बंद होने के बाद क्ष्क्ष्क्ष ने क्षेत्र में सभी जहाजों को हाई अलर्ट पर रहने की चेतावनी दी है। कहा गया है कि कोई भी जहाज फारस की खाड़ी या ओमान सागर से आगे बढ़ने की कोशिश न करे, अन्यथा इसे दुश्मन के साथ सहयोग माना जाएगा। ईरान ने यह भी दोहराया कि इस क्षेत्र में नियम तय करने का अधिकार केवल उसकी नौसेना के पास है।

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर सस्पेंस बरकरार

## बैठक की तारीख तय नहीं होर्मुज को लेकर फंसा पेंच

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत की तारीख तय नहीं हुई है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव बना हुआ है। इसी बीच ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को चार चरणों में फिर से खोलने की योजना बनाई है।

पश्चिम एशिया में हालात एक बार फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह की वार्ता के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने तुर्किये के अंताल्या डिप्लोमेसी फोरम में कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए पहले एक साझा ढांचा तय करना जरूरी है, उसके बाद ही आगे बढ़ा जा सकता है।

**समझौते से पहले फ्रेमवर्क जरूरी- ईरान:** खतीबजादेह ने कहा कि जब तक बुनियादी समझ नहीं बनती, तब तक किसी नई तारीख पर सहमति संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बातचीत में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ मुद्दों पर अभी भी मतभेद बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष का कठोर रुख अंतरराष्ट्रीय कानून में ईरान को अलग करने की कोशिश करता है, जिसे ईरान स्वीकार नहीं करेगा। ईरानी अधिकारी ने कहा कि उनका देश एनपीटी और क्ष्अएअ का सदस्य है और अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों दोनों को मानता है।



**होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव जारी:** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी विवाद गहराता जा रहा है। ईरान का कहना है कि कुछ पक्ष इस क्षेत्र में उसके अधिकारों को सीमित करने की कोशिश कर रहे हैं। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने इस मुद्दे को और जटिल बनाने की कोशिश की है और क्षेत्रीय समझौतों का उल्लंघन किया गया है। ईरान ने पश्चिमी देशों की कूटनीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बातचीत को खत्म करने के बजाय उसे थकाने की कोशिश की जा रही है।

**ईरान का हवाई क्षेत्र चार चरणों में खुलेगा:** इसी बीच ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोलने की योजना भी जारी की है। तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में ट्रांजिट फ्लाइट्स को अनुमति दी जाएगी। इसके बाद पूर्वी एयरपोर्ट्स से उड़ानें शुरू होंगी, फिर प्रमुख हवाई अड्डों जैसे मेहराबाद और इमाम खुमैनी एयरपोर्ट को खोला जाएगा। हालांकि फिलहाल टिकटों की बिक्री पर रोक जारी है और यात्रियों को आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार करने को कहा गया है।

# अमेरिकी प्रतिबंध की मार झेल रहा क्यूबा: गहराया ईंधन संकट

**मैड्रिड।** क्यूबा में ईंधन संकट गहराने से मानवीय हालात बिगड़ते जा रहे हैं, क्योंकि अमेरिका द्वारा तेल सप्लाई रोकने के बाद ऊर्जा व्यवस्था चरमरा गई है। ब्राजील, मैक्सिको और स्पेन ने स्थिति पर चिंता जताते हुए मानवीय सहायता बढ़ाने की अपील की है। अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन और बातचीत से समाधान की मांग तेज हो गई है।



अमेरिका और क्यूबा के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। जनवरी के आखिर में वॉशिंगटन द्वारा तेल की सप्लाई रोकने के बाद क्यूबा की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त ईंधन नहीं मिल रहा है ईंधन के अभाव में इन तीन महीनों में वहां मानवीय स्थिति एक गंभीर मोड़ पर पहुंच गई है। इस बीच ब्राजील, मैक्सिको और स्पेन की सरकारों ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की है और स्थिति को आसान बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। स्पेन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई है।

शनिवार को तीनों सरकारों ने संबंधित पक्षों से यह भी अपील की कि वे ऐसे किसी भी कदम से बचें, जिससे लोगों के जीवन की स्थितियां और खराब हों या जिससे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो। इसके साथ ही उन्होंने क्यूबा के लोगों की तकलीफों को कम करने के लिए एक समन्वित तरीके से अपनी मानवीय सहायता को बढ़ाने का भी संकल्प लिया।



### क्यूबा की मानवीय जरूरत अभी भी बरकरार

इसके साथ ही देश में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कहा कि सीमित मात्रा में ईंधन की सप्लाई पहुंचने की खबरों के बावजूद रूस से भेजी गई तेल की एक हालिया खेप को पिछले हफ्ते अमेरिका की नाकेबंदी के बावजूद बंदरगाह पर उतरने की इजाजत दी गई थी। देश में मानवीय जरूरतें अभी लगातार बनी हुई हैं। मार्च के आखिर से ऊर्जा संकट का असर और भी ज्यादा बिगड़ गया है। बता दें कि क्यूबा की ऊर्जा जरूरतें जनवरी में अमेरिका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सौंपे जाने तक बड़े पैमाने पर वेनेजुएला द्वारा पूरी की जाती थीं।

### ब्राजील-स्पेन और मैक्सिको ने क्या कहा

अपने बयान में ब्राजील, स्पेन और मैक्सिको ने हर समय अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने की आवश्यकता को भी दोहराया। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में निहित क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभु समानता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों का पालन करने पर भी जोर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुपक्षवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातचीत का मकसद मौजूदा हालात का कोई पक्का हल निकालना होना चाहिए और यह पक्का करना चाहिए कि क्यूबा के लोग पूरी आजादी के साथ अपना भविष्य खुद तय करें।

# ईरान ने एव की आलोचना की, बिना शर्त ट्रांजिट को बताया कल्पना

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जहां ईरान और यूरोपीय संघ के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। ईरान जहाजों से शुल्क और नियंत्रण की बात कर रहा है, जबकि यूरोप इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ बता रहा है। इस विवाद से वैश्विक व्यापार पर असर पड़ने की आशंका भी बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में एक बार फिर हालात खराब होते नजर आ रहे हैं। जहां अब ईरान और यूरोपीय संघ के बीच टकराव खुली जुबानी में बदलती नजर आ रही है और इसका कारण दुनिया की तेल सप्लाई की धड़कन माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य पर घमासान छिड़ गया है। बढ़ते तनाव के बीद हर बयान अब आग में घी डालने जैसा साबित हो रहा है और वैश्विक संकट गहराने की आशंका तेज हो गई है। इस जुबानी जंग की शुरूआत ऐसे हुई कि ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने यूरोपीय संघ पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूरोप अंतरराष्ट्रीय कानून की बात तो करता है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | सोमवार • 20 अप्रैल -2026

# गाजियाबाद




## गाजियाबाद नगर निगम की नीतियों पर व्यापार मंडल का आरोप
# 'आधी दाढ़ी-मूंछ' मुंडन कर जताया विरोध





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की कथित 'तानाशाही' और 'आर्थिक शोषण' के आरोप लगाते हुए गाजियाबाद उद्योग व्यापार मण्डल ने अनोखे और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के अध्यक्ष अवधेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने आधी दाढ़ी-मूंछ मुंडन कर गृहकर वृद्धि नीति के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

व्यापार मण्डल अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने आरोप लगाया कि नगर निगम और जनप्रतिनिधियों द्वारा शहरवासियों पर नाजायज और अन्यायपूर्ण तरीके से गृहकर वृद्धि थोपी जा रही है। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल 2026 को विशेष सचिव के पत्र के आधार पर की गई प्रेस वार्ता में 10 से 15 प्रतिशत वृद्धि की बात कही गई, जबकि पत्र में केवल प्रस्तावित दरों का उल्लेख है और बिना बोर्ड की सहमति के कोई बदलाव लागू नहीं किया जा सकता।

उन्होंने आरोप लगाया कि 30 जून 2025 को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गृहकर वृद्धि को निरस्त किए जाने के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। साथ ही 12.5 प्रतिशत ब्याज दर लागू करने को भी अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए इस पर आपत्ति जताई। अवधेश शर्मा के अनुसार, वर्ष 2024 से दरें प्रस्तावित करने के कारण पहले से कर जमा कर चुके लोगों पर एरियर का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

उन्होंने नगर निगम द्वारा प्रस्तुत छूट संबंधी चार्ट को भी भ्रामक बताते हुए आरोप लगाया कि इससे जनता को गुमराह किया जा रहा है और भ्रष्टाचार की संभावनाएं बढ़ रही हैं। व्यापार मण्डल ने चेतावनी दी कि यदि गृहकर वृद्धि को वापस लेकर पूर्व की भांति हर दो वर्ष में 10 प्रतिशत की दर से पारदर्शी तरीके से संशोधन नहीं किया गया, तो शहरवासियों के साथ मिलकर आंदोलन को तेज किया जाएगा।

इस विरोध कार्यक्रम में व्यापार मण्डल के महामंत्री रामगोपाल, दिनेश जमदग्नि, गौरव शर्मा, अमित गुप्ता, मनोज गौड़, कपिल सक्सेना, तिलकराज अरोड़ा, आर के गोयल, आर के आर्य, पी एन सिंह (सेवानिवृत्त डीएसपी), संजीव अग्रवाल, मनजीत सिंह, संतोष शर्मा, दिनेश गर्ग, राजकुमार त्यागी, अवस्थी, शुभम शर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं: विशाल वर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष एवं पूर्व शहर सीट उम्मीदवार विशाल वर्मा ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं।उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूक रहना जरूरी है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### शिक्षा और एकता से ही समाज मजबूत होगा

**करंट क्राइम।** विशाल वर्मा, ज़िला उपाध्यक्ष सपा एवं पूर्व शहर सीट उम्मीदवार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों का जो रास्ता दिखाया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी मिलकर शिक्षा को प्राथमिकता दें और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

## पुरानी रंजिश में फायरिंग, बाल-बाल बची जान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लिंक रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर गांव में शनिवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मामूली विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी। घटना प्राथमिक स्कूल के पास की बताई जा रही है। गनीमत यह रही कि गोली सीधे किसी व्यक्ति को न लगकर पास खड़ी एक कार में जा धंसी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

**कार पर लगी गोली, मचा हड़कंप :** पीड़ित जलालुद्दीन ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार की रात आरोपी बाबू ने उन पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। फायरिंग के दौरान जलालुद्दीन ने खुद को बचा लिया, लेकिन गोली सड़क पर खड़ी उनकी कार में लग गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी सहम गए और मौके पर भीड़ जमा हो गई।

**पुलिस की कार्यवाही :** सूचना मिलते ही लिंक रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

पुलिस ने कार पर लगे गोली के निशान और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जलालुद्दीन की शिकायत के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही गिरफ्त में होगा और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। फिलहाल गांव में शांति है, लेकिन पुलिस एहतियात बरत रही है।

## धूमधाम से निकाली गई भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा क्षेत्र





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर रविवार को मकनपुर क्षेत्र में शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाया। यह यात्रा शनि चौक स्थित पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर मकनपुर गांव, श्रीराम चौक और पुराने बारात घर मार्ग से होती हुई परशुराम चौक पर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय भगवान परशुराम और जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम जी के आदर्श हमें धर्म, शौर्य और न्याय के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन समाज में अधर्म के नाश और नैतिकता की स्थापना का प्रतीक है। इस भव्य आयोजन में मुख्य रूप से पार्षद राधे श्याम त्यागी, अंकुर त्यागी, सीता राम त्यागी, नवीन त्यागी, शेंकी त्यागी, अक्षय त्यागी, अमित शर्मा, राहुल शर्मा, अरुण शर्मा, श्यामवीर शर्मा, महानंद शर्मा, सुमित शर्मा और सचिन राघव आदि लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी: संजीव शर्मा





**गाजियाबाद/लोनी करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा वार्ड नंबर 1, कृष्णा नगर बागू और वार्ड 2, बौद्ध विहार में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन विधायक निधि से किया गया।

वार्ड नंबर 1, कृष्णा नगर बागू में राजेश के मकान से संदीप के मकान तक एवं पंचायत घर तक सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत 15.50 लाख है।

इसी क्रम में वार्ड 2, बौद्ध विहार में अगल देवी के मकान से कप्तान के मकान तक, शिवदयाल के मकान से जितेंद्र के मकान तक तथा नौ देवी के मकान से कप्तान के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 6.90 लाख है। इसके अलावा बौद्ध विहार में राहुल के मकान से विनोद के मकान तक एवं कैलाश के मकान से सुरेश विजेंद्र के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य भी विधायक निधि से कराया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 7.13 लाख है।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन से किया गया हर वादा उनके लिए संकल्प है और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले 2-3 वर्षों में सभी गलियों एवं आवश्यक निर्माण कार्यों को पूर्ण कराकर क्षेत्र को नई पहचान दी जाएगी।

मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला लगातार जारी है और विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है और क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।

कार्यक्रम में क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, सुभाष कश्यप, संदीप निषाद, बादल यादव सहित पत्रकार जे. नवीन, अंकित, अनु चौधरी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कनवानी अग्निकांड पीड़ितों से मिला समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल, राहत सामग्री वितरित





**गाजियाबाद/इंदिरापुरम करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के कनवानी गांव में हुए भीषण अग्निकांड के बाद समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा। यह दौरा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किया गया।

जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान पीड़ितों को आटा, दाल, चावल, चीनी, तेल, मसाले, नमक, चाय पत्ती और बिस्कुट सहित आवश्यक वस्तुओं के लगभग 400 राहत किट वितरित किए गए। प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रशासन से बातचीत कर पीड़ितों को उचित मुआवजा एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। पार्टी नेताओं ने कहा कि इस कठिन समय में समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

## पटेल नगर द्वितीय में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पटेल नगर द्वितीय में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान परशुराम के आदर्शों को याद किया और भक्ति भाव से सराबोर नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता पंकज शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परशुराम न्याय और शस्त्र-शास्त्र के समन्वय के प्रतीक हैं और उनका जीवन हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अमित भारद्वाज ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया। आयोजन में संजय कांत शर्मा, पी.डी. शर्मा, मनीष शर्मा, विनोद शर्मा, राम निवास शर्मा, विजय मिश्रा, आलोक शर्मा, संजय भारद्वाज, सोनू शर्मा, संस्कार शर्मा, साहिल शर्मा, मनोज शर्मा, शिवम त्यागी, माधव कौशिक सहित समाज के अनेक लोग और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर सामने आया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## इंदिरापुरम के विंडसर मार्केट में रेस्टोरेंट में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित वैशाली के विंडसर मार्केट में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। घटना शाम करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है, जब बाजार में रोजाना की तरह काफी संख्या में लोग खरीदारी और खाने-पीने के लिए मौजूद थे।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल सिंह के अनुसार, दमकल की गाड़ियों और टीम ने करीब 15 से 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन रेस्टोरेंट में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और इसकी जांच की जा रही है। घटना के दौरान बाजार में मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया था, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया।

## मकान की दूसरी मंजिल पर लगी आग:शॉर्ट सर्किट से लगी, कोई जनहानि नहीं हुई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा स्थित गगन विहार इलाके में रविवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। फायर विभाग को दोपहर करीब 3 :23 बजे सूचना मिली कि गगन विहार के एक घर में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी तुरंत मौके के लिए रवाना की गई। दमकल कर्मियों के पहुंचने पर पता चला कि आग मकान नंबर बी-168 की दूसरी मंजिल पर लगी थी। गली काफी संकरी होने के कारण दमकल की गाड़ी सीधे घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी, जिससे शुरूआती तौर पर आग बुझाने में दिक्कतें आई।

**समर्सिबल पंप से बुझाई आग :** इसके बाद फायर कर्मियों ने पास में लगे समर्सिबल पंप की मदद से पानी लेकर आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल टीम की तत्परता और सूझबूझ से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और उसे पूरी तरह बुझा दिया गया। शॉर्ट सर्किट की आशंका आग बुझाने के बाद टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि आग सुमित पुत्र रमेश चंद के घर में लगी थी और शुरूआती तौर पर इसकी वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात है। हालांकि आग से घर के कुछ सामान को नुकसान पहुंचा है। आग पर काबू पाने के बाद फायर सर्विस की टीम वापस स्टेशन लौट गई और इलाके में स्थिति सामान्य हो गई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन




**नोएडा (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आगामी 9 मई 2026 को मुख्यालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व वादों के निस्तारण पर विशेष जोर रहेगा। यह जानकारी सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर शिवानी त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि 9 मई 2026 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा-138 एनआई एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत की डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है।

## वार्ड 78 में विकास कार्यों की रफ्तार तेज
### आस्था सोसाइटी में सड़क नवीनीकरण का शुभारंभ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड 78, शालीमार गार्डन विस्तार प्रथम क्षेत्र में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। इसी क्रम में आस्था सोसाइटी में सड़क नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गाजियाबाद के निवर्तमान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद ओमवती देवी के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों की मौजूदगी रही।

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और इसे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष भूपेंद्र गोस्वामी सहित डीएन कॉल, इंद्रजीत, कुलदीप मेहरा, सुमन सती, भूषण लाल टिंगलू, सुनील रैना, नंदा, स्वप्निल, संजय श्रीवास्तव, जगदीश सती, सारंगी, गुड्डू, धनंजय आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड में लगातार हो रहे विकास कार्यों से नागरिक सुविधाओं में सुधार देखने को मिल रहा है।